तापमान
अधिकतम 39.6 डिग्री
न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 16 मई 2025

बीस दिन तक बच्चे खेलों में दिखाएंगे दमखम 12



मुआवजा के लिए सड़क पर उतरे दो दर्जन किसान गिरफ्तार 12








## खबर संक्षेप

### मकान से नकदी समेत 3 लाख का सामान पार

**भिलाई।** मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी पार करने के मामला सामना आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धार 305 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एचआईजी 2353, हाउसिंग बोर्ड निवासी सिद्धार्थ मिश्रा पावर हाउस मार्केट में गारगी जनरल स्टोर्स का संचालक है। मकान से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम की चोरी हो गया है। अपने रिश्तेदार और काम करने वाले लोगों से पूछताछ भी किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। 3 मई को पत्नी अपने मायके जाने के लिए समान की पैकिंग करने के लिए आलमारी खोलने पर सोने का ब्रेसलेट, कान की बाली, चैन, अंगूठी और नगद 50 हजार रुपए गायब मिला। खबर लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरु किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। परिवार में तीन घरेलू सहायक के रूप में महिलाएं काम करती है। इसमें से रामेश्वरी को घर के बच्चों द्वारा आलमारी के आस पास संदिग्ध अवस्था में कई बार देखा है। मकान से करीब 4 लाख रुपए का सामान गायब मिला है। शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही है। इसके चलते पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है। अब तक माह भर में छोटी-बड़ी चोरियां मिलाकर तीन दर्जन घटनाएं हो चुकी है। लेकिन पुलिस इसका खुलासा अब तक नहीं कर पाई है।

### शिक्षा माफियाओं के साथ विभागीय मिलीभगत से ऐसा भी कारनामा

# आरटीई में नोडल ने जिन बच्चों को किया अपात्र, दूसरे ने कर दिया पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य ने गरीब बच्चों की सीटें हथियाने से रोकने के लिए इस बार आरटीई पोर्टल में बड़ा बदलाव किया है लेकिन विभागीय मिलीभगत से शिक्षा माफियाओं के मंसूबे सफल हो रहे हैं। ऐसा की मामला दुर्ग जिले में सामने आया है। एक नोडल प्राचार्य ने पांच बच्चों के आवेदन इसलिए अपात्र कर दिया कि उनके दस्तावेज के हिसाब से फार्मेट में नहीं आते। इन्ही बच्चों को अन्य के द्वारा एप्रूव कर दिया गया। यानी विभागीय मिलीभगत के बिना ऐसा संभव नहीं हो सकता। इसलिए कि पोर्टल में लॉगिन कोड जिन लोगों के पास है वहीं ही पात्र व अपात्र कर सकते हैं।

अलग खबर



#### यह भी गलत- एक बच्चे का दो शिक्षा सत्रों में दाखिला

आरटीई में विभाग ने एक और बड़ा कारनामा कर दिखाया। एक ही बच्चे का दो अलग-अलग शिक्षा सत्र में दाखिला कर दिया। आरटीई क्रमांक 202300471179 को शिक्षा सत्र 2023 में आरटीई पोर्टल हैक कर प्रवेश लेना पाया गया। तत्कालीन कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट के आधार पर इस बच्चे का प्रवेश निरस्त कर दिया। कलेक्टर के बदलते ही इस बच्चे को दुर्ग कलेक्टर ने फिर से प्रवेश के लिए निर्देश दिए। वर्तमान शिक्षा सत्र यानी 2025 में इस बच्चे ने फिर से क्लास वन के लिए एप्लाई किया। आरटीई क्रमांक 202500719791 बच्चे को लाटरी में इस साल फिर से स्कूल में चयनित कर लिया गया है। जबकि छत्तीसगढ़ निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियम 2010 के प्रावधान -7 5 का ख खंड कहता है कि यदि बच्चे का चयन आरक्षित सीटों के विरूद्ध किया जाता है वह चाहे जो भी कारण है या इनकार करता है। या प्रवेश नहीं लेता है। तो उसका उक्त प्रवर्ग में चयन हेतु विचार नहीं किया जाएगा। यानी दोबारा प्रवेश दे नहीं सकते।

#### इन उदाहरणों से समझिए खेला

**केस 1**
आरटीई 202500726319 को नोडल प्राचार्य ने अपात्र घोषित किया था। नोडल प्राचार्य ने अपात्रता की वजह बताई थी कि वर्ष 2011 की सर्वे सूची के हिसाब से कच्चा मकान होना चाहिए लेकिन पक्का मकान होने की वजह से अनुमोदन नहीं किया गया।

**केस 2**
आरटीई 202500798040 को नोडल प्राचार्य ने अपात्र घोषित किया। इसलिए कि दस्तावेज में किरायानामा मार्च 2025 का लगाया गया था। जबकि इस बच्चे के माता पिता गुंडरदेही निवासी है। निवास के आधार पर इस बच्चे को अपात्र माना गया।

**केस 3**
आरटीई 2025725969 को नोडल प्राचार्य ने अपात्र घोषित किया। इसलिए कि बीपीएल सूची में इस बच्चे के पिता का नाम नहीं था। राशनकार्ड में परिवार के किसी दूसरे सदस्य का नाम दर्ज मिला।

**केस 4**
आरटीई 202500801501 को नोडल प्राचार्य ने अपात्र किया। इसकी वजह बताई कि बीपीएल सूची बालोद जिले की थी और राशनकार्ड में भी ग्राम बटेरा डौंडीलोहारा का था। दीगर जिले के होने की वजह से अपात्र किया गया।

**केस 5**
आरटीई 22500763327 को नोडल प्राचार्य ने अपात्र किया। इसकी वजह बताई गई कि बीपीएल सूची में पिता का नाम नहीं होना।

*नोटः ये भी प्रकरणों को किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा लॉगिन कर अपात्र को पात्र कर लिया गया। जिसकी वजह से अपात्र बच्चे भी पात्र हो गए।*

**मंगवाएंगे जानकारी**
आरटीई के अपात्र बच्चों को पात्र कैसे किया गया। इसकी जानकारी दुर्ग डीईओ से मंगवाई जाएगी। लॉगिंग कोड नोडल प्राचार्य व डीईओ के पास होती है। अन्य के द्वारा ऐसा कृत्य किया गया होगा तो यह गंभीर मामला है। **-आशुतोष चावरे,** उपसंचालक डीपीआई रायपुर

### एसएसपी अग्रवाल पहुंचे सुपेला थाना

# थाने के सारे रिकार्ड एक हफ्ते में करें दुरुस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एसएसपी विजय अग्रवाल थाना सुपेला पहुंचे। जहां विवेचकों की बैठक लेकर लंबित मामलों के निराकरण के लिए सात दिनों के भीतर पूरा करने की हिदायत दी है। धोखाधड़ी एवं ठगी के वारदातों को लेकर विवेचकों को मार्गदर्शन दिया। शरीर, संपत्ति से जुड़े अपराधों के निकालने के लिए विवेचको को तरीके भी बताए गए।

नए कानून में दिए गए प्रावधान अनुसार बीएनएस के तहत दर्ज प्रकरणों को 60 व 90 दिनों में निराकरण करने का निर्देश भी एसएसपी ने दिया है। थाने स्तर पर संधारित समस्त रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर अद्यतन करने को कहा गया है। एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि थाने में पहुंचने वाले शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। फरियादियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत ना आए। इसके अलावा थाना क्षेत्र में अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाए अन्यथा कार्रवाई होगी। बैठक में रीडर प्रथम निरीक्षक अंबिका प्रसाद ध्रुव, स्टेनो गोकुल राम देवांगन, थाना प्रभारी सुपेला विजय यादव समेत सभी विवेचक मौजूद थे।

- धोखाधड़ी के मामलों को लेकर दिए जरूरी निर्देश
- नए कानून से जुड़े मामलों की समीक्षा भी की
- अवैध कारोबारियों पर सुपेला पुलिस कसेंगी शिकंजा

# भिलाई-चरोदा में सुशासन तिहार 37 लोगों के बने नए आधार कार्ड

### अहिवारा विधायक डोमन हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा द्वारा मंगल भवन भिलाई तीन में सुशासन तिहार समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सवाडा शामिल हुए। निगम आयुक्त डीएस राजपुत ने बताया कि शिविर में वार्ड 7 से लेकर वार्ड 18 तक के नागरिकों द्वारा पूर्व में प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण की जानकारी से उन्हें अवगत कराया गया। एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग क्षेत्रीय कार्यालय भिलाई तीन से उपस्थित कर्मचारियों द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। आधार पंजीयन काउंटर पर सर्वाधिक भीड़ देखी गई। जहां 37 लोगों के नये आधार पंजीयन व 25 लोगों के आधार अपडेट करने की कार्रवाई की गई। कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा, विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, पार्षद प्रेमलता चन्द्राकर, तुलसीराम ध्रुव, चन्द्रपकाश पाण्डेय, भाजपा नेता चंद्रिका यादव आदि मौजूद थे।

# चिट्टा का अवैध कारोबार करने वाला पकड़ा गया, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अवैध रुप से चिट्टा का कारोबार करने वाला धरा गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 21(ख) 27(क) नारकोटिक्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अराया वाला, जिला-फिरोजपुर, (पंजाब) निवासी गुरुदेव देबा को पकड़ा गया। आरोपी कृषि उपज मंडी सिकोला भाठा दुर्ग में चिट्टा बेच रहा था। पुलिस ने उसके साथी राजविंदर सिंग उर्फ लड्डू को भी पकड़ा है। दोनों युवकों के न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। दुर्ग पुलिस द्वारा नशे के सौदागरों के चेन को तोड़ने के लिए बड़ा अभियान चला रखा है। बता दें कि मोहननगर थाना क्षेत्र में नशे का कारोबार लंबे समय से फल-फूल रहा है। इसे लेकर कई बार शिकायत भी हो चुकी है। मुख्य रुप से शंकर नगर, विजय नगर, सिकोला भाठा, उरला रोड, जयंती नगर, कैलाश नगर, आर्य नगर, नया आमा पारा आदि क्षेत्रों में नशे के तस्करी से जुड़ी शिकायतें होते रही है।

- आरोपी फिरोजपुर पंजाब का रहने वाला, सिकोला भाठा से किया गिरफ्तार



# ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोड़ने का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को टंकी निर्माण के नाम पर तोडऩे का मामला अब हाईकोर्ट पहुंच गया है। भवन के ऐतिहासिक और जर्जर नहीं होने के बाद भी शिक्षा विभाग ने नगर पालिक निगम को तोडऩे की अनुमति देकर चाबी सौंप दी है।

वहीं निगम प्रशासन भवन को तोडऩे के लिए कक्ष को खाली करने दबाव बना रहा है। इसे लेकर पालकों की ओर से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पुर्णेंद्र खिचरिहा ने हाईकोर्ट में याचिका दर्ज कराई है। हाईकोर्ट ने पालकों की याचिका स्वीकार कर ली है। याचिकाकर्ताओं के मुताबिक जल्द तिथि तय कर मामले की सुनवाई शुरू की जाएगी। बता दें कि नगर निगम द्वारा शिक्षक नगर में पुरानी व जर्जर टंकी को तोड़कर उसकी जगह नई टंकी का निर्माण प्रस्तावित है।

नगर निगम प्रशासन पुरानी टंकी और इसके आसपास नजूल की खाली जमीन की जगह को छोड़कर ऐतिहासिक पुत्री शाला के भवन को तोड़कर नई टंकी निर्माण की तैयारी कर रहा है। दूसरी ओर स्कूल में पढऩे वाले बच्चे और उनके पालकों के साथ स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं।




- अंग्रेजों के जमाने का 100 साल से ज्यादा पुराना स्कूल
- पालकों ने लगाई निगम के फैसले के खिलाफ याचिका

### युवती का अश्लील फोटो वायरल, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** युवती का इंस्टाग्राम में अश्लील पोटो अपलोड करने का मामला सामने आया शिकायत पर पलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 79 बीएनएस एवं आईटी एक्ट 67 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि एक युवती का इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो अपलोड किया गया है। जब फोटो तेजी से वायरल हुआ तो युवती को जानकारी हुई। मामले में युवती के भाई ने पुलिस में शिकायत किया। घटना में एक परिचित का आरोपी ने इस तरह का घटना को अंजाम दिया है। उसे बदनाम करने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस बीच जब युवती और उसके परिजनों ने इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो देखा तो सभी दंग रह गए। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। वायरल करने वाले आरोपी के तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इसके अलावा इंस्टाग्राम को भी साइबर की टीम जांच कर रही है।

### भिलाई निगम ने करदाताओं को दी बड़ी राहत

# 31 तक संपत्तिकर जमा करने पर 6.25% की छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देय संपत्तिकर पर 31 मई तक बढ़ा दी है। एक मुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। भवन, भूमि स्वामी इस छूट का लाभ उठा सकते हैं। निगम ने कहा है कि लोग अपने भवन/भूमि स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी संपत्तिकर स्व-विवरणी में अंकित करें। जॉच के दौरान असत्य विवरणी पाये जाने पर नियमानुसार 5 गुना शास्ति राशि अधिरोपित की जावेगी। भवन/भूमि स्वामी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है।





#### अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे काउंटर

नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी संपत्तिकर दाताओं से अपील की है। कि अभी 31 मई तक 6.25 प्रतिशत छूट के साथ संपत्तिकर जमा कर सकते है। इसके लिए ऑनलाईन भुगतान के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के काउंटर खुले है। अवकाश के दिनों में गर्मी को देखते हुए संपत्तिकर काउंटर सबुह 8 बजे से खुले है।

#### पहले लगता था 31 मार्च के बाद 18 प्रतिशत अधिभार

निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बाद अर्थात 31 मार्च 2026 के पश्चात कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा (2-क) के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था, कि वह 31 मार्च के पूर्व स्व-निर्धारण पत्रक प्रस्तुत करे। उनके द्वारा यह पत्रक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस पर चूक हेतु एक हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाएगी। भूमि/भूमि स्वामी निगम को देय राजस्व करो का समय पर भुगतान करें एवं अनावश्यक कार्यवाही से बचें। अधिक जानकारी एवं आनलाईन भुगतान हेतु पोर्टल व हेल्पलाईन/व्हाटसअप नबंर 9153986401 पर संपर्क कर सकते है।



गांव में रोजगार का आधार मनरेगा मजदूरी में राज्य शासन द्वारा बजट में कटौती कर दी है। पांच साल पहले वर्ष 2020-21 में जहां प्रदेशभर में 1841 लाख था, जो इस साल शासन ने वर्ष 2025-26 में इसे कटौती कर 850 लाख कर दिया गया है। यानि पांच साल में मजदूरी बजट सिमटकर के के दिन आधी हो गई है। बजट कम होने से मजदूरी दिवस भी कम हो गया हैं। जिसे लेकर प्रदेशभर में मजदूर संघ और कांग्रेसी विरोध कर रहे हैं।

# 5 साल में मजदूरी बजट आधा | बेरोजगार हो जाएंगे गांव के मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

अलग खबर

महात्मा गांधी रोजगार योजना के जरिए ही गांव में कई योजनाओं के तहत कार्य कराए जा रहे है। वर्तमान में मनरेगा कार्य गांव में बंद हो गए है। दुर्ग जिले में भी मनरेगा कार्य ठप है। प्रदेश की बात करे तो मजदूरी दिवस भी कम कर दी गई है। जिसे लेकर कांग्रेसी भी इन दिनों मुखर दिख रहे है। दुर्ग जिले में इसे लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को बडा प्रदर्शन करने की तैयारी है। इस प्रदर्शन में दुर्ग शहर व ग्रामीण सहित भिलाई संगठन के नेता भी शामिल होगें। दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि, केंद्र और राज्य सरकार मिलकर मनरेगा खत्म करने कर रहे साजिश की जा रही हैं। कांग्रेस सरकार में 42 लाख मानव दिवस था, जिसे भाजपा सरकार ने घटा कर 18 लाख कर दिया है। श्रमिकों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं।

### वर्ष 2020-21 में 1841 लाख, वर्ष 2025-26 में 850 लाख रह गया



**बजट की स्थिति**

| वर्ष | बजट मानव |
|---|---|
| 2021-21 | 1841 लाख |
| 2021-22 | 1560 लाख |
| 2022-23 | 1200 लाख |
| 2023-24 | 1250 लाख |
| 2024-25 | 1100 लाख |
| 2025-26 | 850 लाख |

प्रदर्शन करेंगे



“जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है। इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। अन्य वर्षो की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे। आज इस विषय पर प्रदर्शन करेंगे।

-राकेश ठाकुर, जिलाध्यक्ष दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस

### जिले में 35 फीसदी रह गया मानव दिवस

दुर्ग जिले में मनरेगा के तहत 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था और वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में इसे और घटकर 18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है, जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है। जो ग्रामीण मजदूरों के आजीविका को प्रभावित करता है।

**खबर संक्षेप**

### छात्रों से जबरन वसूली की डीईओ से शिकायत

**दुर्ग**। हिन्दू युवा छात्र मंच ने आज दुर्ग जिले के तितुरडीह स्थित आत्मानंद विद्यालय में घटित एक गंभीर अनियमितता का खुलासा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से तुरंत जांच और कार्यवाही की मांग की है। हिन्दू युवा छात्र मंच जिला प्रभारी आलोक खापर्डे ने बताया कि कक्षा 7वीं के छात्र अजय सिंह को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 10,000 की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त हुई थी, जिसे स्कूल की प्राचार्या द्वारा अनुचित तरीके से विद्यालय में जमा कराने के लिए दबाव बनाया गया। जिला सह संयोजक शिवांश वैष्णव ने बताया कि, छात्र को स्कूल में रोककर उसके पिता को बुलाया गया और टीसी देने की धमकी देकर जबरन राशि स्कूल में जमा करवा ली गई। हिन्दू युवा छात्र मंच ने इसे छात्र अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया और कहा कि, यदि इस प्रकरण में शीघ्र निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो मंच छात्रहित में एक प्रचंड आंदोलन के लिए बाध्य होगा। हिन्दू युवा छात्र मंच ने दोषी प्राचार्या के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्यवाही की जाए तथा पीड़ित छात्र एवं उसके परिवार को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान हिन्दू युवा मंच संयोजक गोविंद राज नायडू, प्रदेशाध्यक्ष कुमार नायर, संगठन महामंत्री राजेश शर्मा, कमल रणदीवे सहित अन्य थे।

### जिला पंचायत की स्थायी समिति की बैठक आज

**दुर्ग**। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 16 मई 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### राजू लाल बने विधायक प्रतिनिधि

**भिलाई**। ग्राम मोरिद भिलाई तीन निवासी राजू लाल नेताम को अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के उद्योगिक क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। इनकी नियुक्ति अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने किया है। उद्योग विभाग के सभी बैठकों में विधायक के अनुपस्थिति में यहां की सारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर पाएगें।



## विरोध प्रदर्शन : धनोरा सहित आधा दर्जन गांव के किसान सड़क पर उतरे

# मुआवजा के लिए सड़क पर उतरे दो दर्जन किसान गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

*भारतमाला परियोजना से प्रभावित किसान मुआवजा गणना में गडबडी और राशि जारी किए जाने की मांग को लेकर गुरूवार को सडक पर उतर गए थे। किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाकर काम रोका और जमकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसान सडक पर बैठ गए थे। सुबह से दोपहर तक चले इस प्रदर्शन के बीच मुख्यालय तक हडकंप मच गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंच गए थे।*

दो दर्जन किसानों को गिरफ्तार कर केन्द्रिय जेल लाया गया। भारतमाला परियोजना से प्रभावित गांव खम्हरिया, बोरीगारका, हनौदा, धनोरा सहित आधा दर्जन गांव में पिछले लंबे समय से काम बंद था, लेकिन गुरूवार को नेशनल हाईवे द्वारा काम शुरू किए जाने से किसान सडक पर उतर गए थे। जहां तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। उल्लेखनीय है कि, राजनांदगांव के टेडेसरा से लेकर आरंग तक सिक्सलेन कारीडोर निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान कई किसानों ने मुआवजा में गडबडी किए जाने का आरोप लगाया है। पीडित किसानों ने बताया कि, संभागायुक्त के कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। उन्होने कहा कि, मामले की सुनवाई कोर्ट में जारी हैं, जिसे लेकर उन्होने कहा काम बंद किया जाए। इस दौरान बोरीगारका, हनौदा, पुरई सहित धनोरा के दो दर्जन किसान सडक पर उतर गए थे। मौके पर अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वरनाथ खुंटे व क्षमा यदु, पद्नाभपुर टीआई राजकुमार लहरे सहित अधिकारी पहुंच गए थे। जहां उनके आश्वासन के बाद भी किसान नही माने और गिरफ्तार कर बस के जरिए केन्द्रिय जेल लाया गया। इस दौरान शिव चंद्राकर, महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकुंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकटी रावटे, नीलम ठाकुर, चंद्रकांत साहू, जागेश्वर पटेल, दिलीप यादव, नरेन्द्र देवांगन, चंदन और मुकुंद बागडे सहित दो दर्जन किसानों ने गिरफ्तारी दी। तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता ने बताया कि, निर्माण कार्य का विरोध करने और शांतिभंग करने पर किसानों पर कार्यवाही की गई हैं। उन्होने कहा अवार्ड पारित होने के बाद भी किसान कब्जा एनएचईआई को कब्जा देने में व्यवधान उत्पन्न कर रहे थे।

हरिभूमि लगातार

### नाराज किसानों ने कहा- कोर्ट में चल रही सुनवाई, आधा दर्जन महिलाएं भी गिरफ्तार



### किसानों का सवाल, पहले आपत्ति का करें निराकरण

धनोरा में काम रोकने पहुंचे किसानों का कहना है कि, अवार्ड पारित होने के बाद उन्हे जब पत्र मिला तो कई गडबडी की जानकारी मिली है। इसमें सबसे ज्यादा प्रकरण वर्गमीटर का हेक्टेयर में किए जाने का है। ऐसे किसान संभागायुक्त कोर्ट में अपील भी लगा चुके है। किसानों ने कहा कि, कोर्ट में अपील के बाद सुनवाई हो रही है, जब तक फैसला नही आ जाता, तब तक काम बंद किया जाए। इसी मामले को लेकर वे सडक पर उतरे थे। लेकिन प्रशासन ने पुलिस जवानों सहित पहुंचकर दल बल के साथ उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### पटवारियों ने नामांतरण में कर दी गड़बड़ी

परियोजना में कुछ प्रकरण ऐसे भी है, जिसमें अवार्ड पारित होने के बाद पटवारियों ने तिथि अंकित करने में गडबडी कर दी। नियमतः अवार्ड 12 फरवरी 2018 के पहले का होना है। इसमें कई किसानों का नामांतरण पंजी में पटवारियों ने तिथि के जगह माह और माह के जगह तिथि का उल्लेख कर दिया हैं। जिससे किसान त्रुटि सुधार कराने के चक्कर में अपील नही कर पा रहे है। किसानों का कहना हैं कि, यह सोची समझी साजिश है, जिससे काम बंद न किया जा सके।

### किसानों ने बताई अपनी ऐसी पीड़ा

- हरिभूमि ने ग्राउंड जीरो में पहुंचकर पीडित किसानों से बातचीत की तो किसान हर्ष देशमुख ने बताया उनका 25 लाख का मुआवजा बना है, लेकिन कलेक्टर गाइड बताकर तीस फीसदी काटकर मुआवजा दिया जा रहा हैं। यही सुदर्शन देवांगन और हेमंत कुमार ने बताई।
- चंद्रकांत साहू ने बताया उनक दो सौ वर्गमीटर है। नियमत: पांच सौ वर्गमीटर से कम होने पर गणना वर्गमीटर में की जाती है। लेकिन उनके जमीन का हेक्टेयर में गणना कर तीन लाख 36 हजार मुआवजा दिया गया, जबकि वर्गमीटर में 24 लाख 98 हजार होता है। इसी का विरोध वो कर रहे थे। यही समस्या केकती बाई, दुर्गेश निर्मलकर, चंद्रकांत साहु और ममता यादव ने बताई।
- इसी तरह महेन्द्र चोपडा, रोहित साहू, बालमुकूंद तिवारी, काजल देवांगन, सीमा कुजूर, केकती रावटे ने बताया कि, अवार्ड पारित होने के कारण उन्हें अब तक मुआवजा राशि तक जारी नही किया है। किसानों ने बताया कि, वर्ष 2018 में अवार्ड पारित हुआ हैं और अवार्ड पत्र उन्हें पिछले साल मिला है। जिसमें उन्होने आपत्ति दर्ज कोर्ट में कराई हैं।

### बांड भराने किसानों पर दबाव डालने का प्रयास

किसानों ने बताया कि, गिरफ्तारी के बाद प्रशाशन द्वारा बांड भरने दबाव डाला जा रहा था। जिसमें आगामी छः माह तक कार्य प्रभावित करने पर पचास हजार तक जुर्माना और छः माह की सजा का प्रावधान है। अधिकारी किसानों पर जमानत देने के पहले बांड पेपर पर दस्तखत कराने अडे रहे। जिसका किसानों ने विरोध किया और दस्तखत करने से भी इंकार कर दिया। हांलाकि देर रात किसानों को छोड दिया गया।

**कार्रवाई की रखी मांग**

# सेजस में नियम विरूद्ध भर्ती की शिविर में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद में नियम विरुद्ध की गई भर्ती का मामला सुशासन तिहार के समाधान शिविर में सामने आया है। यहां शिकायतकर्ता ने लिखा हैं कि, सीनियर शिक्षक को दरकिनार कर गलत तरीके से जूनियर शिक्षको को प्रचार्य बना दिया गया है।

इस मामले में कडी की मांग की गई है। इससे पहले भी जिले में आत्मानंद स्कूल में गलत तरीके से भर्ती किए जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। दुर्ग जिले के स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्राचार्य पद की नियम विरुद्ध भर्ती हुई है। जिसमे छत्तीसगढ़ शासन की शिक्षा विभाग अंतर्गत महती योजना के तहत स्वामी आत्मानंद स्कूलों में कई प्राचार्यो के पद को नियम को दरकिनार करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता के जगह पर अति कनिष्ठ व्याख्याता को पदस्थापना दिया गया है। ऐसे कई व्याख्याता है, जिनकी विभाग में सेवाकाल मात्र 8-9 साल ही हुए है। फिर भी सरकार की इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। शिकायत में लिखा गया है कि, दीपक नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य, खम्हरिया स्वामी आत्मानंद प्राचार्य,

- जूनियर शिक्षकों को प्राचार्य बनाकर सीनियर की अनदेखी

सेजस पाटन प्राचार्य के पद पर अति कनिष्ठ व्याख्याता एलबी को प्राचार्य बनाया गया जो नियम विरुद्ध है। खम्हरिया स्कूल में प्राचार्य की कलेक्टर से शिकायत भी हुई थी, लेकिन मामला दबा दिया गया। आयुक्त ज्ञापन देते हुए संदीप पटेल ने मामले की सम्पूर्ण जांच करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता रखने वाले उम्मीदवारों को यह जिम्मेदारी वाला पद पर पुनः भर्ती करने की मांग की गई।

### डीईओ के निर्देश बाद भी अटैचमेंट

जानकारी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा द्वारा विगत 22 अप्रैल 2025 को एक निर्देश जारी कर अटैंचमेंट समाप्त किया था। लेकिन इसके बाद भी कई आत्मानंद स्कूलों में शिक्षक अपने मूल स्कूल में नही लौटे हैं। निर्देश में कहा था कि, तत्काल एकल, शिक्षकहीन स्कूलों के शिक्षक को कार्यमुक्त किया जाए। जानकारी मिली हैं कि, दुर्ग शहर के दीपक नगर स्कूल में दो शिक्षको को अटैचमेंट पर रखा गया हैं।

### होगी कार्रवाई

“मैने तीस अप्रैल तक जो भी अटैंचमेंट पर शिक्षक है। उन्हें कार्यमुक्त करने आदेश जारी किया था। अगर ऐसा है तो जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

-अरविंद मिश्रा, डीईओ दुर्ग

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी अब नहीं करेंगे ऑनलाइन काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ जिला दुर्ग को ज्ञापन सौंपा हैं। जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण रात्रे ने बताया कि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी को ऑनलाइन एंट्री ऑनलाइन ऑपरेटर से कराए जाने हेतु मांग किया गया एवं एंट्री के संबंध में होने वाली तकनीकी एवं अन्य समस्याओं को अवगत कराया। इसके निराकरण हेतु संघ के प्रतिनिधियों से शासन स्तर से चर्चा की मांग की गई। समस्याओं का निराकरण नहीं होने तक समस्त प्रकार के ऑनलाइन कार्य करने में असमर्थता का उचित कारण के साथ शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। संघ द्वारा विभिन्न कारणों के साथ आपत्ति दर्ज करते हुए कार्य उत्तरदायित्व को संशोधन की मांग की गई। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संवर्ग के प्रशिक्षण शैक्षणिक योग्यता एवं आहार्ता मे क्लीनिकल, नर्सिंग संबंधी कार्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के संपादन एवं क्रियान्वयन शामिल है। ऑनलाइन संबंधी तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान शामिल नहीं है, संघ के समस्त पदाधिकारी पंकज राठौर, राकेश सार्वा, उत्तरा साहू, चित्रसेन, अंशुमान, टेमन,यशवंत, चंद्रकांत, प्रदीप, नीलकमल, ज्योति, कविता, चेतना, योगेश्वरी, ललिता एवं जिले के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी उपस्थित रहे।

- सीएमएचओ जिला दुर्ग को सौंपा ज्ञापन

# कैट करेगा दुश्मन देशों के उत्पादों का बहिष्कार

**दुर्ग**। भारत के साथ विभिन्न देशो के बीच जारी संघर्ष के चलते कैट ने दूसरे देशों के उत्पादों का बहिष्कार करने का फैसल लिया है। कैट के सदस्यों ने बताया कि, हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान तुर्की की भारत विरोधी भूमिका ने स्पष्ट कर दिया है कि, कौन भारत का सच्चा मित्र है और कौन छुपा शत्रु। तुर्की ने पाकिस्तान को हथियार, तकनीकी सहायता और ड्रोन तक उपलब्ध कराकर भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचा है। इसी संदर्भ में कैट (कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) छत्तीसगढ़ ने यह बड़ा निर्णय लिया है कि, अब भारत में तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से आने वाले उत्पादों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। यह घोषणा कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश सांखला एवं प्रदेश चेयरमैन पवन बड़जात्या ने एक संयुक्त बैठक में की हैं। उन्होंने कहा कि, भारत अब उन देशों से व्यापारिक दूरी बनाएगा, जो भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। दुर्ग के जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली हिरानी, महामंत्री विनय कश्यप, वरिष्ठ पदाधिकारी संजय चौबे एवं प्रह्लाद रूंगटा, पीयूष देसलहरा, दर्शन लाल ठाकवानी, रवि केवलतानी, पायल जैन समेत व्यापारी समुदाय के कई प्रतिनिधियों ने समर्थन व्यक्त किया है।

- तुर्की, अज़रबैजान और उज्बेकिस्तान से व्यापार

# कट्टापार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाई**। बीएसपी के दुल्की माइन्स के सीएसआर के अंतर्गत ग्राम कट्टापार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का संपन्न हुआ। शिविर में लोगों की सामान्य जांच के साथ ही शुगर, बीपी आदि की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। 29 लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर शिविर का लाभ उठाया। बीएसपीअपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है।

# बीस दिन तक बच्चे खेलों में दिखाएंगे दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा स्कूली बच्चों के लिए आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को को भिलाई के विभिन्न खेल परिसरों, स्कूल के हॉलों और मैदानों में प्रारंभ कर दिया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्रशिक्षण शिविर 5 जून तक जारी रहेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक विजय शर्मा, उप महाप्रबंधक व पूर्व ओलम्पियन राजेन्द्र प्रसाद, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक सहित क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी तथा सभी खेलों के आईएनएस कोच एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। शिविर के तहत शामिल 22 खेलों एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉल बैडमिंटन, बास्केटबॉल, मुक्केबाज़ी, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंडबॉल, हॉकी, जूडो, टेनिस, वॉलीबॉल, योग, खो-खो, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, साइकिल पोलो, जिम्नास्टिक और नेटबॉल का 25 खेल परिसरों में 15 मई से अनुभवी कोच और प्रशिक्षकों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। एथलेटिक्स का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम एवं आईटीआई-खुर्सीपार में, बैडमिन्टन का प्रशिक्षण इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन का प्रशिक्षण बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर-4 में, बास्केटबॉल का प्रशिक्षण बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में तथा बॉक्सिंग का प्रशिक्षण सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर-8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं दिव्यांग खेल परिसर में दिया जा रहा है।



- बीएसपी का ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर शुरु

### शतरंज व फुटबाल का प्रशिक्षण यहां

शतरंज का प्रशिक्षण भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के हॉल में, क्रिकेट का प्रशिक्षण सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम, रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंण्डबॉल का प्रशिक्षण ईएमएमएस, सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड, सेक्टर -4 में, हॉकी का प्रशिक्षण जयंती स्टेडियम में, जूडो का प्रशिक्षण सेक्टर-4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी का प्रशिक्षण पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में, वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब-खुर्सीपार, हुडको एवं सेक्टर-5 में, योगा प्रशिक्षण एसएसएस सेक्टर-10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण एसएसएस, सेक्टर-7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब-मरोदा, सेक्टर-1 इस्पात क्लब में किया जा रहा है।

## संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन से कहा- ब्लड जांच के लिए बढ़ाएं टेक्निशियन

# जेएलएन अस्पताल बना रेफरल सेंटर, कई विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक मध्य भारत का सबसे बड़ा और सुविधायुक्त सेक्टर नौ जेएलएन अस्पताल अब रेफर सेंटर बनकर रह गया है। डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के साथ कई समस्याओं का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। लंबित समस्याओं के जल्द निदान के लिए यूनियनों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। संयुक्त ट्रेड यूनियन ने अस्पताल की लंबित समस्याओं के साथ अपने सुझावों पर जल्द अमल किए जाने की मांग की है।

सेक्टर 9 अस्पताल में कई विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिटायर होने से मरीजों को बाहर रिफर करना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों को बाहर ले जाने में समय लगता है। इससे मरीजों को परेशानी हो रही है। संयुक्त यूनियन ने रेफरल प्रक्रिया को छोटा व सरल करने और संबंधित बीमारियों के इलाज वाले अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने की मांग की है। सीरियस पेशेंट को रिफर करने ट्रामा एंबुलेस नहीं होने से परेशानी हो रही है। एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध हो। सुबह और शाम के शिफ्ट में डाक्टर द्वारा लिखे गए खून जांच के लिए सेम्पल लेने वाले टेक्निशियन की व्यवस्था नहीं होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। कारपोरेट स्तर के मुताबिक 24 गुना 7 सेंपल ले सकें। टेक्निशियन व्यवस्था कराने की मांग की है। गम्भीर बीमारियों के इलाज के लिए रिफर संबंधित अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराने कहा।



**सेक्टर 1 अस्पताल में टोकन सुविधा बढ़े**: सेक्टर 1 अस्पताल में डां. प्रमोद विनायके दोपहर तीन बजे से मरीजों को ओपीडी में देखते हैं। मरीजों को टोकन केवल केवल सुबह दिया जाता है जबकि अधिकारियों को तीन बजे के कुछ देर पहले ही टोकन दिए जाते हैं। इस तरह मरीज कर्मियों या उसके आश्रित को पूरे दिन भर सिर्फ अस्पताल के काम में ही लगे रहना पड़ रहा है। मरीज कर्मचारी अधिकारी सभी को दोपहर 3 बजे के पूर्व ही टोकन दिए जाने की व्यवस्था शुरू किया जाए।

### यह हैं प्रमुख मांगें

आंकोलॉजी सर्जरी जैसे विभाग में आन काल वाले डाक्टरों को बुलाने की व्यवस्था करें, एसजीपीजीआई जैसे अन्य अस्पतालों में रिफर किए जाने पर एडवांस के रूप में दिए जाने वाली राशि बढ़ाकर कर एक लाख किया जाए।सेक्टर 9 अस्पताल में मरीज को प्लेटलेट्स दिए जाने की स्थिति में डोनर द्वारा खून डोनेट किए जाने से तीन महीने तक दुबारा खून डोनेट नहीं कर सकते हैं। इसलिए खून से सिर्फ प्लेटलेट्स निकालने की मशीन और किट अस्पताल प्रबंधन उपलब्ध कराए। साइकिल स्टैंड की व्यवस्था शीघ्र ठीक हो, टेलीफोन नंबर द्वारा डाक्टर के एप्वाइंटमेंट का कोटा निर्धारित किया जाए, यूरालाजी डाक्टर की नियुक्ति जल्द हो। नेफ्रोलॉजी के डॉक्टर वर्कलोड या अन्य कारणो से परफॉर्मेंस सही सेपरमानेंट डॉक्टर की व्यवस्था किया जाए या न्यूरो एवं कार्डियोलॉजी की तरह आउटसोर्स में डॉक्टर बुलाया जाए। सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि संयुक्त यूनियन व बीएसपी के कार्यपालक निदेशक की बैठक में अस्पताल की समस्याओं व सुझावों के जल्द निदान पर जोर दिया गया। प्रबंधन ने आश्वासन दिया है। बैठक में ईडी ( स्वास्थ्य व चिकित्सा) सीजीएम डां, उदय, जीएम जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा, शाहिद अहमद व एजीएम रोहित हरित उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ठेठवार यादव समाज पाटन राज की बैठक कल

पाटन। ठेठवार समाज पाटन राज की कार्यकारिणी की बैठक 17 मई को दोपहर 1 बजे से पाटन स्थित सामाजिक भवन में रखा गया है। बैठक में सभी सदस्यों एवं समस्त पदाधिकारियों, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष, सचिव सहित सभी पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की गई है। बैठक में वार्षिक आय व्यय पर चर्चा, सामाजिक विषय पर चर्चा, समयानुसार अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

## निधन

### मानणिकचंद अडकने

भिलाई। क्वार्टर नं. 113/ई मस्जिद के पास कैम्प 1 भिलाई निवासी



मानणिकचंद अडकने उम्र 79 वर्ष का निधन 15 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। वे सिद्धार्थ अडकने के पिता और भारतीय बौद्ध महासभा उपाध्यक्ष कृष्णा बंसोडकर के ससुर थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सहकारी सोसायटियों में डीएपी खाद की किल्लत से किसान चिंतित

# बारिश की आहट लेकिन अब तक सोसाइटियों में नहीं पहुंची डीएपी खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अगले माह वर्षा ऋतु का आगमन होना है और किसानों के लिए खाद बीज का प्रबंध पर्याप्त मात्रा में अभी तक सोसायटियों में नजर नहीं आ रहा है जबकि प्राइवेट दुकानदारों के पास पर्याप्त मात्रा में खाद नजर आने लगा है। सोसायटियों में डीएपी खाद अभी तक नहीं पहुंचा है जिससे किसान सोसायटियों के प्राधिकृत अधिकारियों के पास सतत संपर्क अपनी आवाज बुलंद करने लगे हैं। किसानों के इस जायज मांगों को लेकर सेलूद, पाटन, जामगांव आर एवं रानितराई ब्रांच के सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारियों ने डीएपी खाद एवं धान बीज की मांग के लिए दुर्ग सासंद विजय बघेल, जिला कलेक्टर एवं डीएमओ को ज्ञापन सौंपा। किसानों के हमदर्द किसान पुत्र सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्रकार, तेजेन्द्र पिपरिहा, पारखत सिंह साहू, रूपसिंह, संजय चंद्रकार, विनोद ठाकुर, बुद्धदेव चंद्रकार, बलभद्र वर्मा राजू, संतोष हीरवानी, बेनीराम साहू, योगेश्वर साहू, दानी राम वर्मा, राजेश बंछोर ने आवाज बुलंद किए।

**2 बोरी सुपर फास्फेट व 1 बोरी यूरिया मिलाए तो डीएपी का काम करेगा**



#### दुकानों में खाद उपलब्ध, सोसायटी में क्यों नहीं

जामगांव आर सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर सहित सभी प्राधिकृत अधिकारियों ने समवेत स्वर में कहा कि सोसायटियों में खाद बीज उपयुक्त समय पर नहीं पहुंचने से किसान अधिक दाम में मार्केट से खाद खरीदेंगे किसान को आर्थिक क्षति तो होगी ही साथ ही सोसायटी का व्यवसाय भी कम होने से सोसायटी का भी आर्थिक क्षति होगी और मुफ्त में हमारी भाजपा सरकार की बदनामी भी होगी। डीडाभाठा रानीतराई सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी योगेश्वर साहू निपानी सोसायटी बेनीराम साहू ने कहा कि नदी किनारे खेतों को पानी अनुकूलता से मिल जाती है। किसानों को त्वरित खाद की आवश्यकता पड़ती है। शीघ्र ही डीएपी एवं बीज उपलब्ध होना चाहिए नहीं तो किसानों का परेशान होना तय है। वहीं अधिकारियों से अपील की है कि शीघ्र खाद उपलब्ध कराए।

#### सोसायटियां आपसी तालमेल बैठाकर डीएपी का उपयोग कर सकते हैं

डीएमओ भौमिक बघेल ने बताया कि डीएपी खाद उत्पादक उत्पादन का 75 प्रतिशत खाद हमें उपलब्ध कराती है, शेष 25 प्रतिशत ही मार्केट में सप्लाई करती है। आर्डर सप्लाई डिमांड आवेदन की प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। खाद उपलब्ध होने पर सूचित कर दिया जाएगा और आपसी तालमेल बैठाकर सोसायटियां किसानों को खाद उपलब्ध करा सकती है। वहीं डीएपी की शार्टेज से बचने के लिए कृषि विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शन का हवाला देते हुए डीएमओ बघेल ने बताया कि 2 बोरी सुपर 1 बोरी यूरिया मिलाकर काम में ले जो डीएपी खाद का काम करेगा। परेशान होने के बजाय किसान कृषि विभाग के इस मार्गदर्शन को कारगर बनाए।

## अंचल व शहर की खबरें

### जामुल में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण



भिलाई। नगर पालिका परिषद जामुल में वार्ड 10 में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। पार्षद रामप्यारी वर्मा ने सामुदायिक भवन को लेकर पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार से मांग किया था। उन्होंने सामुदायिक भवन की सौगात वार्ड के लोगों को दिया। मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री गुरु रुद्र कुमार थे। अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने किया। विशेष अतिथि विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ,सरस्वती बंजारे, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश दांडेकर,उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा राम बंछोर, पूर्व अध्यक्ष सरोजिनी चंद्राकर, पार्षद राम प्यारी वर्मा, सबीहा करीम खान,निशा चन्नेवार, प्रकाश सिंह ठाकुर, मीनू ताम्रकार, राज वैष्णव, सोनू बर्मन, विकास यादव, मकसूदन हिरवानी, गोपी वर्मा आदि मौजूद थे।

### बीएसपी कर्मचारी के पुत्र कृषांग की उड़ान



भिलाई। डीपीएस रिसाली के छात्र कृषांग सहारिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं की परीक्षा में 98.8 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। वे बीएसपी के डीजीएम मुकुल सहारिया व नंदिता के पुत्र हैं। कृषांग ने संतुलित दिनचर्या और समयबद्ध अध्ययन पद्धति को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, "यदि आपने प्रतिदिन ईमानदारी से तीन घंटे पढ़ाई की है, तो दिन का शेष समय आपका अपना होता है।" कृषांग ने विषयवार लक्ष्य निर्धारित कर नियमित रूप से प्रगति का आकलन किया, और साथ ही लेखन, संगीत तथा प्रौद्योगिकी जैसे रचनात्मक रुचियों को भी निरंतर समय दिया।

### आकाश ने किया स्कूल का नाम रौशन



भिलाई। श्री शंकराचार्या विद्यालय सेक्टर 10 भिलाई सीबीएसई कक्षा 10 वीं के छात्र आकाश दुबे ने 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रौशन किया है। माता श्वेता और पिता अविनाश दुबे है। आकाश के पिता बिजली कंपनी में सहायक अभियंता के पद पर पदस्थ है। आकाश आगे चलकर डॉक्टर बनकर समाज की देवा करना चाहता है।

## बिजनेस साइट

### मैत्री विद्या निकेतन पाटन के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन




भिलाई। मैत्री विद्या निकेतन इंग्लिश मीडियम स्कूल पाटन ने कक्षा 12वीं एवं 10वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शानदार परिणाम प्राप्त किए हैं। कक्षा 12वीं वाणिज्य विषय में विभा देवांगन ने 93.6%, ईशा निर्मलकर 92.8%, सौभाग्य वर्मा 92.4% और ओजस्वी वर्मा 86.6% अंक प्राप्त किए। वहीं विज्ञान संकाय में सनत कुमार पांडा ने 90%, आदित्य ढिल 87.8%, वेदिका मढरिया 86.8%, डेविड भारद्वाज 86.2%, मयंक कश्यप 85.4% अंक प्राप्त किये हैं। वहीं कक्षा 10वीं में आर्य सिन्हा ने 88%, इशिका वर्मा 86%, संजय बिनायक 82.4%, तुषार वर्मा 81.6% और आरवी चंद्राकर 80% अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरान्वित किया। मेका की अध्यक्षा राजम सुधाकरन, निदेशक डॉ. सजीथा थंबी, एस सजीव और एस साजन एवं प्राचार्या अम्बिली सुगाथा सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी है।

### रूंगटा पब्लिक स्कूल भिलाई के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर




भिलाई। एसआरजीआई के तत्वाधान में चलने वाले रूंगटा पब्लिक स्कूल एक बार फिर से शैक्षणिक उत्कृष्टता की मिसाल बना है। हाल ही में घोषित सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा दसवीं के शत -प्रतिशत रिजल्ट के साथ-साथ कक्षा 12वीं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। दसवीं कक्षा में नंदिका अग्रवाल 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, लावण्या यादव 96% अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा 95% अंक के साथ अवनी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के वैभव साहू, अथर्व सहगल, मोहम्मद नूरेज, जयवर्धन गुप्ता और सौम्य मारू छात्रों ने भी 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की श्रेष्ठता को सिद्ध किया। बारहवीं कक्षा के विज्ञान और वाणिज्य वर्ग के छात्रों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। सौम्या साहू ने प्रथम स्थान, रोहिणी पॉल ने द्वितीय स्थान तथा साथ ही सक्षम भदोरिया ने तृतीय पर रहे। विद्यालय की कक्षा दसवीं और बारहवीं की छात्र-छात्राओं में अधिकतर बच्चों ने अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी संबंधित विषयों पर 90 से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत -प्रतिशत रहा। एसआरजीआई के अध्यक्ष श्री संजय रूंगटा ने सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दिए।

### 12 वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशतः एबीएस फाउंडेशन



भिलाई। छत्तीसगढ़ की अग्रणी कामर्स संस्था एबीएस फाउंडेशन में 12वीं सीबीएसई का परीक्षा परिणाम आया जिसमे संस्था के सभी बच्चे एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुये अपना, अपने माता-पिता, शिक्षक व संस्था का नाम रोशन किया जिसमे कशिश जैन 95%, अनन्या घोष 91%, आस्था वर्मा 90% अंक के साथ अव्वल रही है। उसी क्रम में 85% से 90% के बीच 15 छात्र रहे, 75% से 85% के बीच 20 छात्र व अन्य 75% तक छात्र पास हुए जिनके नाम नमन देशमुख, स्नेहा हलदर, आदर्श पटेल, आकृति गुप्ता, वैभवी साहू, यास्मिन, निशिता पाल, प्रवल्लिका, पराग, निष्ठा ठाकुर, कुंज, आयुष ध्रुव, ध्रुव राठी, अनुष्का चंद्राकर, सिद्धि गोयल, कबीर, प्रांजल, अनुष्का सिंह, आरुही चंद्राकर, दिशा मेशराम, शकलेन, कृपा रजानी, मयंक राय, अमित नायक, नियति चौरे, नलीन साहू, प्रान्तिक बोस, उत्कर्ष तिवारी, आलिया बैग, ईवा चरन, सुमोजीत, अंकित प्रसाद, रेनोविन, स्वाति मिश्रा, आदर्श पटेल, सारिका साहू, खुशांचल, रघु राजपूत, सन्दर्भ, प्रतीक, सौभाग्य, हर्ष जयसवाल, कार्तिक, राहुल तिवारी, पुर्नाश, सानिया डविड, अभी गुर्जर, आदर्श भोई, ईश्वर बरिहा, वेदिका साहू, दीपक प्रधान, अंशुमन भोई, उज्वल साहू, प्रियांशु सिंह, अर्पित शुक्ला, पवित्रा महोबिया, मीनल साहू, चंचल, अनिरुद्ध तिवारी, श्रद्धा राठी, प्रेम शंकर, भूमिका, निकिता साहू, सार्थक देशमुख आदि है।

### भिलाई नायर समाजम स्कूल, सेक्टर-8 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



भिलाई। भिलाई नायर समाजम स्कूल, सेक्टर-8, भिलाई के छात्रों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में, हमारे विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 100% रहा, जिसमें सभी 32 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन में, 27 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 5 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। वहीं प्रथम रौनक ब्रह्मभट्ट 92 %, द्वितीय भूमिका कुमारी 84%, तृतीय महिमा जैन 83% प्राप्त की। वाणिज्य संकाय में प्रथम साई कुमार 96%, द्वितीय पूजा चट्टे 94.4%, तृतीय सिद्धार्थ पांडे 92% प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रथम फलक नाग 94%, द्वितीय नैतिक ठाकुर 93.2%, तृतीय झरना साहू 91.4%, चतुर्थ जान्हवी सिंह 91.4% प्राप्त की। विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, उप प्राचार्य और शिक्षकगण कक्षा 10वीं और 12वीं के सभी उत्तीर्ण छात्रों को उनकी इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई दी है।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग के छात्रों का 10 वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



भिलाई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में कृष्णा पब्लिक स्कूल दुर्ग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का इस वर्ष का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 100% रहा। चार छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया है। विद्यालय के टॉपर प्रीतम पात्रा ने 95.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके बाद आंचल साहू ने 92.8%, व्योम त्रिपाठी ने 91.4% और रोहित वर्मा ने 90% अंक प्राप्त किए।

## सुशासन तिहारः जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने मिलकर किया समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



■ शिविर में पाटन, अखरा, अटारी और खोरपा के लोगों ने समस्याओं को रखा

नगर पंचायत पाटन में सुशासन तिहार 2025 संवाद से समाधान के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में नगर पंचायत पाटन, अखरा, अटारी और खोरपा के नागरिक पहुंचकर अपने समस्याओं को रखा और जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने मिलकर समस्याओं का त्वरित समाधान किया। नगर पंचायत के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले के नेतृत्व में निवर्तमान जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र वर्मा ने शिविर का निरीक्षण कर शिविर में पहुंचे नागरिकों एवं अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी ली।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष जितेंन्द्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जनता की समस्याओं को सभी विभागीय अधिकारी विभागवार सुनकर त्वरित निराकरण कर रहे हैं। शिविरों में हितग्राहियों व लाभार्थियों को आवश्यक उपकरण भी प्रदान की जा रही हैं। डबल इंजन भाजपा सरकार के कार्य प्रणाली से जनता उत्साहित हैं। योगेश निक्की भाले नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगर पंचायत पाटन की ओर से समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में अधिकारियों के साथ मिलकर हमने सभी के समस्या का त्वरित समाधान किया हैं। जनता की समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। इस अवसर पर सभापति केवल देवांगन, देवेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, पार्षद संगीता धुरंधर, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, केशव बंछोर, दामोदर चक्रधारी, योगेश सोनी, कीर्तन देवांगन, सागर सोनी, आदित्य सावर्णी, वेदप्रकाश वर्मा, विक्की बंछोर, भाजपा पदाधिकारी, पार्षदगण जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत वर्मा, अधिकारी-कर्मचारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

### अंडा में दो हितग्राही परिवार को सौंपा आवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के हितग्राहियों को मिला प्रधानमंत्री आवास की चाबी जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम अंडा में दो हितग्राही परिवार उत्तम कन्नौजे, कीर्ति चौहान को तिलक लगाकर जनप्रतिनिधि गण आवास सौंपा।

इस अवसर पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय सिंह, उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंच हेमेंद्र चौहान, गोपाल साहू, फत्ते चंद्राकर तिलक चंद्राकर, कंप्यूटर ऑपरेटर नोहर चंद्राकर, सचिव रूपेश सिंह, पंच जंगलादास, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम वीरता और शौर्य का प्रतीकः सांसद बघेल



■ भगवान परशुराम प्रकटोत्सव मनाया

पाटन। सर्व ब्राह्मण समाज तहसील पाटन के तत्वावधान में भगवान परशुराम प्रकटोत्सव का किया आयोजन किया गया। वहीं शाम को भगवान परशु राम के शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से गुजर कर वापस विप्र भवन पहुंची। मंच से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लगभग 25 लोगों का सम्मान किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा थे। विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, अध्यक्षता सर्व ब्राम्हण समाज के तहसील अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला ने किया। मुख्य अतिथि गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में सर्व ब्राम्हण समाज के भवन विस्तार के लिए 20 लाख प्रदान करने का आश्वाशन दिया। गृहमंत्री ने कहा कि समाज के लोगों से आत्मीय मिलन के भावना लेकर पाटन आना हुआ। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि भगवान परशुराम वीरता एवं शौर्य के प्रतीक है। सांसद बघेल ने भवन में डोम लगवाने का आश्वाशन दिया। सर्व ब्राम्हण समाज धमतरी के अध्यक्ष राकेश दीवान ने अपने उद्बोधन में समाज के लोगों से निवेदन करते हुए कहा कि समाज में शब्द को हटाकर हम को आगे करना है तब समाज आगे बढ़ेगा।

### प्रवर्तन टीम ने भिलाई नगर बस्ती से हटाए चार सौ अवैध बिजली कनेक्शन



भिलाई। भिलाई इस्पात सयंत्र, नगर सेवाएं, इनफ़ोर्समेंट विभाग तथा टाउन एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग द्वारा भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती से 4 सौ अवैध कनेक्शन तीन मैन लाइन से काटे गए । कार्रवाई के दौरान दौरान अवैध बस्ती वालों द्वारा इक़ठा होकर विवाद और रोड जाम करने की कोशिश की गयी । पुलिस की सख्त समझाइश से लोग शांत हुए। संपदा न्यायालय के आदेश पर पुलिस की मौजूदगी में बस्ती के 400 अवैध कटिये/ कनेक्शन काटे गए। साथ ही दो हजार मीटर तार जप्त किया गये। अवैध कब्जेधारियों द्वारा खतरनाक तरीके से सप्लाई लिया गया था, जिस से कभी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था। अवैध कनेक्शन केबल को रोड क्रॉस कर के ले जाया गया था, गिरने पर राहगीर की भी मौत या अनहोनी हो सकती थी । दलालों द्वारा भी कई लोगों को अवैध कनेक्शन दे कर वसूली की जाती है । बेदखली कार्रवाई का कब्जाधारियों ने विरोध किया जिसे कोतवाली थाना के टीईआई प्रशांत मिश्रा ने समझाइश देकर नाकाम कराया।

### सिरसिदा में समाधान शिविर आज

अंडा। सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर देवभूमि यज्ञ स्थल सिरसिदा-ओटेबन्द में 16 मई को आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं के निवारण करने के लिए शासन के सभी विभाग की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा जिला के अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत के अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जनपद पंचायत के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत की सदस्य कांति सोनेश्वरी, लेखराम साहू, ठाकुरराम चंद्राकर, ओटेबन्द मंडल के अध्यक्ष कुलदीप साहू सहित क्षेत्र के सभी निर्वाचित जनपद सदस्य, सरपंच, पंचगण उपस्थित रहेंगे। शिविर का प्रारंभ सुबह 11 बजे भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर किया जाएगा।

### निकुम में रामायण सम्मेलन कल

निकुम। समस्त ग्रामवासी निकुम के संयुक्त तत्वावधान में श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण बाजार चौक निकुम में एक दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन 17 मई को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की प्रख्यात मानस मंडली पूजा मानस परिवार चिरको महासमुंद, श्री राम कृपा मानस परिवार सालिक झीटिया, स्वरांजलि मानस परिवार खुरसुल, हरितनय मानस परिवार परखंदा, वेद श्रवण मानस परिवार पलांदूर मोहल्ला की मनमोहक प्रस्तुति सुबह 10 बजे से होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख व सरपंच निकुम भागवत पटेल ने दी।

### पेंशनर्स महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



भिलाई। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के आह्वान पर दुर्ग संभागीय इकाई द्वारा आज 15 मई को संभागायुक्त कार्यालय में आयुक्त से मिलकर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में संभागीय अध्यक्ष बीके वर्मा, उपाध्यक्ष बीएल गजपाल, महामंत्री राजेश तिवारी के अलावा पीआर साहू जिला महामंत्री, एसपी गौतम, बीके शर्मा, केके आडिल, एके गुप्ता, शीतल प्रसाद साहू, आरके भटनागर, आईके चंद्राकर आदि शामिल रहे। उक्त जानकारी दुर्ग संभाग अध्यक्ष बीके वर्मा ने दी है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका तहसील व जिला- दुर्ग

**सीमांकन सूचना**

दिनांकः 24/04/2025

आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि माननीय तहसीलदार महोदय दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक श्री अजीसन के. पिता श्री स्व. के.व्ही. वर्गीस निवासी 197/ए रूवाबांधा सेक्टर, भिलाई द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका तहसील व जिला- दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1608/2, 1609/2 रकबा 0.0668. हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 20/05/2025 को समय से बजे के बीच में सीमांकन किया जाना हैं। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारो/ संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

**नाम परिवर्तन हेतु शपथ पत्र**

मै सुर्दशन कुमारी मल्होत्रा (SUDERSHAN KUMARI MALHOTRA) उम्र 82 वर्ष, पति स्व.श्री कृष्ण चंद मल्होत्रा, (Late KRISHAN CHAND MALHOTRA). निवासी-एम.आई.जी. 187, पद्मनाभपुर दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ::-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि, मैंने अपना यह पुराना नाम सुर्दशना कुमारी मल्होत्रा (SUDERSHNA KUMARI MALHOTRA) को त्याग कर नया नाम सुर्दशन कुमारी मल्होत्रा (SUDERSHAN KUMARI MALHOTRA) पति स्व.श्री कृष्ण चंद मल्होत्रा, (Late KRISHAN CHAND MALHOTRA), रखली हूँ।
3. यह कि मैं अब अपने नये नाम सुर्दशन कुमारी मल्होत्रा (SUDERSHAN KUMARI MALHOTRA) से जानी पहचानी जाउंगी एवं यही नाम समस्त शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में दर्ज करवाना चाहती हूँ।

अतः यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
सुर्दशन कुमारी मल्होत्रा

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सुचित किया जाता है कि विक्रेता रमेश पिता इतवारी उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम मुर्रा, तह. अहिवारा, जिला दुर्ग छ.ग. से उनके स्वत्व एवं धारण की कृषि भुमि स्वामी हक की कृषि भूमि स्थित है जो मौजा सुरजीडीह, प.ह.नं. 19/50, रा.नि.मं. मुरमुंदा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग, छ.ग. जिसका ऋण पुस्तिका क्र. पी-2094395, खसरा क्र. 45-(0.62), 54-(0.50), कुल रकबा 1.12 हे. है। जिसको क्रय करने का पक्का सौदा कर बियाने की राशि दे दी है जिसकी पंजियन की कार्यवाही अतिशीघ्र होनी है। अतः उपरोक्त संपत्ति एवं सौदा के बाबत किसी व्यक्ति, वारिसान सीमावर्ती भुमिस्वामी बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्ध शासकीय विभाग कार्यालय नगर पंचायत अथवा किसी अन्य को आपत्ति या दावा हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिनो के अन्दर अपनी आपत्तिमय दस्तावेजी साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते है। समय पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार को मान्य एवं बंधनकारी नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को हर प्रकार के कर्ज भारो वो विवादों से मुक्त मानकर अपने पक्ष में पंजियन करा लेवेगा।

अतः सूचना जाने।

स्थानः-कुम्हारी, दिनाकः-15/05/2025

भवदीय
ASHWANI KUMAR BHARTI
(ADVOCATE)
Batra Complex, Near SBI,
G.E.Road Kumhari, Durg (C.G.)
Mo. 6265107567

# EDUCATION TEMPLES OF DURG-BHILAI

## जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है

जीवन में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व होता है। शिक्षा मानव जीवन का अभिन्न अंग है। शिक्षा और ज्ञान न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के विकास के लिए भी आवश्यक है। शिक्षा एक व्यक्ति की सोच का पोषण करती है और उन्हें जीवन में सोचने, कार्य करने और आगे बढ़ने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा लोगों को सशक्त बनाती है और उन्हें काम के संबंधित क्षेत्रों में रहने और अनुभव के सभी पहलुओं में कुशल बनने में मदद करती है।




शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, यह लोगों के दिमाग को खोलती है और सोच-समझ, आगे बढ़ने और विकास करने की क्षमता प्रदान करती है। शिक्षा एकमात्र मूल्यवान संपत्ति है जिसे मनुष्य प्राप्त कर सकता है। शिक्षा एकमात्र आधार है जिस पर मानव जाति का भविष्य निर्भर करता है।

बचपन में शिक्षा उच्चतर माध्यमिक के माध्यम से बच्चों के जीवन के प्रारंभिक वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह उनके व्यक्तित्व, काम करने की क्षमता को आकार देता है और उनकी वास्तविक क्षमता को खोजने में मदद करता है। प्रशिक्षण और कौशल विकास के लिए उच्च शिक्षा आवश्यक है। इसलिए शिक्षा, सभी रूपों में और जीवन के किसी भी बिंदु पर, हमारे जीवन में एक अनिवार्य भूमिका निभाती है। हम जब भी शिक्षा के बारे में सोचते हैं, सबसे पहले हमारा ध्यान नॉलेज प्राप्त करने पर जाता हैं। शिक्षा एक ऐसा उपकरण है जो हमारा ज्ञान, कौशल, तकनीक बढ़ाता है। साथ ही, हमें हमारे कर्तव्य को जानने में भी सक्षम बनाती है। शिक्षा ही हमें अपने आस-पास की दुनिया का ज्ञान देती है। शिक्षा राष्ट्र के विकास में सबसे महत्वपूर्ण होती है।















हरिभूमि लाइव
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129


03
ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो जाएं सावधान, फ्रॉड से बचें

## लाइव इवेंट

### 10वीं बोर्ड की टॉपर रिहा को रिसाली मेयर ने किया सम्मानित



**भिलाई।** नगर निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने दसवीं बोर्ड की टॉपर रिहा देवांगन के श्याम नगर रिसाली वार्ड -26 स्थित घर में पहुंचकर उसका सम्मान किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, सचिव विनोद देवांगन सहित बालिका के परिजन उपस्थित थे। महापौर शशि सिन्हा ने बालिका रिहा को बधाई देते हुए कहा कि आपने रिसाली भिलाई सहित दुर्ग जिला का नाम रोशन किया है। हमें आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि बारहवीं बोर्ड में टॉप करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने आगे की पढ़ाई हेतु यथासंभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि रिहा देवांगन ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय रिसाली से पढ़ कर दसवीं बोर्ड के मेरिट लिस्ट में 98.17% अंक लेकर 7 वां स्थान प्राप्त किया है। उसके पिताजी उत्तम देवांगन ई-रिक्शा चलाते हैं। मां अनिता देवांगन गृहणी है। रिहा ने बताया कि परीक्षा के समय उसे पीलिया हो गया था, जो अब भी पूरी तरह ठीक नहीं हो पाया है। उसे मेरिट में प्रथम या द्वितीय स्थान पर आने की उम्मीद थी, किंतु तबीयत ठीक नहीं होने के कारण 7वां स्थान से ही संतोष करना पड़ा। रिहा ने बताया कि वह मैथ्स साइंस लेकर आगे पढ़ाई करके आईटी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है।

- टॉपर रिहा के श्यामनगर स्थित घर पहुंचकर की चर्चा

### आयुष ने बढ़ाया ब्राह्मण समाज का गौरव



**भिलाई।** शहर के आयुष दुबे ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12 वीं में 90 प्रतिशत अंक और जेईई मेन्स में 98.28 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। आयुष शहर में निवासरत गुलाबचंद्र दुबे एवं तृप्ति दुबे के पुत्र हैं। समग्र ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश संयोजक पं. रामानुज तिवारी ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

## समर कैंप का आगाजः शहर व गांव के बच्चों को दिया जा रहा 21 दिवसीय निःशुल्क खेल प्रशिक्षण

# गर्मी की छुट्टियों में मौज-मस्ती के बीच सीख रहे हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी व साइकिल पोलो



गर्मी की छुट्टियां इस बार स्कूली बच्चों के लिए खास है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा इस बार जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। 29 मई तक होने वाले इस आयोजन की शुरुआत हो चुकी है। रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में 21 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें सब जूनियर, जूनियर वर्ग के बालक, बालिकाएं भाग ले रहीं हैं। खिलाड़ियों का पंजीयन, संबंधित मैदान पर किया जाएगा, जिसमें पालक की सहमति होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु खिलाड़ी पासपोर्ट साइज नवीन फोटो के साथ संबंधित खेल मैदान में प्रशिक्षक से संपर्क करना होगा।



**भिलाई।** शिविर प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से 7.30 बजे तक बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। कोई भी बच्चा शिविर में पंजीयन कराकर भाग ले सकता है। जिले के अन्य मैदानों में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।आयोजन के दौरान हॉकी, व्हालीबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेसबॉल, साइकल पोलो, साइक्लिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, बास्केटबॉल, नेटबॉल, मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिए खेल विभाग द्वारा निशुल्क खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को मूलभूत कौशल एवं खेल से संबंधित जानकारियां दी जा रही है। फुटबॉल में खिलाड़ियों को पुष्पक रिसीविंग और रिसीविंग पासिंग एवं लॉन्ग पास का कौशल सिखाया जा रहा है। साथ ही विभिन्न खेल मैदानों में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में हॉकी के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कुरूद और महिला समृद्धि बाजार के सामने दुर्ग में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तरह व्हालीबॉल के लिए हॉस्पिटल सेक्टर हुडको, बजरंग पारा कोहका, खो-खो नेशनल स्कूल मैदान दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पुरई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला झीट पाटन, खो-खो मैदान पाउवारा, फुटबॉल रविशंकर स्टेडियम दुर्ग और साइंस कॉलेज मैदान दुर्ग, हाउसिंग बोर्ड भिलाई, कबड्डी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा पाटन, बैगापारा स्टेडियम दुर्ग, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जोन-2 खुर्सीपार, दशहरा मैदान उतई, साफ्टबॉल नवीन कॉलेज मैदान खुर्सीपार, बेसबॉल खेल मैदान भिलाई-03 में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### 17 खेलों के लिए 31 खेल मैदान में दिया जा रहा प्रशिक्षण

जानकारी के मुताबिक जिले में 17 खेलों के लिए 31 खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खेलों में मुख्य रूप से ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स के खेलों को शामिल किया गया है। 31 खेल मैदानों में से साइकल पोलो साइकल पोलो मैदान भिलाई, साइक्लिंग भिलाई निवास के सामने, भारोत्तोलन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मर्रा, झीट, कुश्ती महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग, एथलेटिक्स खेल मैदान खम्हरिया, बास्केटबॉल राजेश पटेल मैदान सेक्टर-02, सेंट थॉमस कॉलेज मैदान रिसाली, नेटबॉल एनसीआरटी स्कूल सेक्टर-06, भिलाई विद्यालय सेक्टर-02, ताईकांडो जेपी नगर भिलाई, महावीर खेल मैदान दुर्ग, मार्शल आर्ट के लिए जुनवानी वार्ड 01 भिलाई और कुडो प्राथमिक शाला कसारीडीह दुर्ग का चयन किया गया है।



**29 तारीख को प्राइज और प्रमाण पत्रों का डिस्ट्रिब्यूशन**

जिले के 31 खेल मैदानों में 17 प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। 29 मई तक यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए अलग-अलग खेल मैदान का चयन किया गया है। 29 मई को प्रमाण पत्र और प्राइज डिस्ट्रिब्यूशन किया जाएगा। जिले के बच्चों में खेल प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है।
**विलियम लकड़ा**, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग

## सिटी इवेंट

### महिलाओं के टी-20 क्रिकेट में सेंट्रल जोन 49 रन से जीता मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित वूमेन एस अंडर-19 टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत गुरुवार को खेले गए मैच में सेंट्रल जोन की टीम ने एकतरफा जीत हासिल की। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में सेंट्रल जोन और वेस्ट जोन के बीच मैच खेला गया। सेंट्रल जोन ने 2 विकेट पर 132 रन बनाए। इसमें अर्चिता मिस्त्री ने नाट आउट 46 रन और यति शर्मा ने 46 रन की पारी खेली। शेख नाजिया ने नॉट आउट 15 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य की पीछा करने उतरी वेस्ट जोन की टीम 8 विकेट पर 83 रन ही बना सकी। मोनिका श्रीवास ने 26, गरिमा मैगति ने 16 रन और अंशिका राजआर्यन ने 15 रन का योगदान दिया। दूसरा मैच दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में ईस्ट जोन और नॉर्थ जोन के बीच खेला गया। ईस्ट जोन ने 82 रन से यह मैच जीता। बल्लेबाजी ईस्ट जोन ने 2 विकेट पर 166 रन बनाए। आकांक्षा रानी ने 60 रन और रिया सिंह ने नॉट आउट 37 रन की पारी खेली। नॉर्थ जोन की टीम 6 विकेट पर 84 रन ही बना सकी। नम्रता वर्मा 42, गीत डहरिया ने नाट आउट 15 रन की पारी खेली। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 16 एलीट ग्रुप चार दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच कल यानी 16 मई से खेले जाएंगे। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में दुर्ग और रायगढ़, राजहरा में बीसीए और बिलासपुर, धमतरी में रायपुर और राजनंदगांव, कांकेर में बीएसपी और कोरबा के बीच मैच खेला जाएगा।

- छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मैच मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में खेले जा रहे

# उतई कॉलेज में बनेगा ढाई सौ सीटर हॉल, 8 कमरों का भी होगा निर्माण

**भिलाई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर कॉलेज उतई में ढाई सौ सीटर सेमीनार हॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 8 नए कमरों का निर्माण होगा। करीब 1.11 करोड़ रुपए की लागत से यह काम होंगे। ग्रामीण विधायक एवं छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने इसका भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर संचालक डॉ. राजेश पांडे ने की। डॉ. राजेश पांडे ने बताया कि स्वीकृत कार्यों के बारे में जानकारी दी। ललित चंद्राकर ने कहा कि यह निर्माण कार्य आने वाले समय में महाविद्यालय के विकास हेतु उतई क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु मील का पत्थर साबित होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग को बधाई दी। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, शिवनारायण देशमुख, शीतला ठाकुर, सोनू राजपूत, पुकेश चंद्राकर, चेतन साहू सहित अन्य मौजूद थे।





### लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई और अक्टूबर से, आवेदन 13 जून तक

**दुर्ग।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के निर्देशानुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए है । जिन्होंने कार्यालय में कम से कम 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर ली हो। लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है न कि किसी तकनीकी संवर्गीय पद पर। आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन पत्र 13 मई से 13 जून 2025 के मध्य की अवधि मंठे कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जाएगा। अफसरों ने बताया कि कर्मचारियों को इसकी सूचना दी जा रही है। अधिक जानकारी के लिए शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला में संपर्क किया जा सकता है।

### पिल्लई के आकाश का एक टुकड़ा का विमोचन कल

**भिलाई** । वरिष्ठ मलयालम कथाकार चंद्रशेखरन पिल्लई की आत्मकथा कृति आकाश का एक टुकड़ा का विमोचन कार्यक्रम शनिवार को दोपहर 3 बजे मैत्रीनगर फेस -4 निवास 71/ 4 के परिसर में आयोजित है। मेडिक्लेम अस्पताल के निकट आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव होंगे। इस अवसरपर भिलाई दुर्ग के साहित्यकार उपस्थित रहेंगे।

## फेल हुए छात्र भी कर सकेंगे आवेदन, श्रेणी सुधार के लिए भी दे सकते हैं परीक्षा

# 10वीं व 12वीं के फर्स्ट एग्जाम में अबसेंट रहने वाले भी दे सकेंगे सेकंड टाइम एग्जाम, जुलाई में होगा पेपर

**कार्नर न्यूज**

भिलाई। दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड की द्वितीय परीक्षा जुलाई में होगी। इसमें वे छात्र भी शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने प्रथम परीक्षा के लिए आवेदन किया था, लेकिन वे अनुपस्थित थे। फेल हुए छात्रों के अलावा जो पास हो चुके हैं, वे भी श्रेणी सुधार के लिए दोबारा परीक्षा दे सकते हैं। द्वितीय बोर्ड परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। इसे लेकर माध्यमिक शिक्षा मंडल से तैयारी की जा रही है।

दसवीं की परीक्षा में 328716 छात्रों ने आवेदन किया था। 323094 परीक्षा में शामिल हुए थे। जबकि 5622 अनुपस्थित थे। 76.53 प्रतिशत छात्र पास हुए। इसी तरह बारहवीं की परीक्षा के लिए 240422 ने फॉर्म भरा था। 238626 परीक्षा में शामिल हुए। 1796 अनुपस्थित थे। रिजल्ट 81.87 प्रतिशत रहा। अब द्वितीय परीक्षा की तैयारी की जा रही है। श्रेणी सुधार के लिए पास हुए छात्र भी द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन कर सकेंगे। दोनों परीक्षाओं में जिसका रिजल्ट अच्छा होगा वह मान्य होगा। जैसे, प्रथम परीक्षा में कोई छात्र पास है, उसे 60 प्रतिशत से अधिक नंबर मिला है। इस बार यदि नंबर कम आता है तो पहले वाला रिजल्ट ही मान्य होगा। प्रथम बोर्ड परीक्षा में इस बार बड़ी संख्या में छात्र फेल हुए हैं। इसे लेकर संभावना है कि एक लाख से अधिक छात्र द्वितीय परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।अधिकारियों का कहना है कि पहली परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले सभी छात्र इसमें शामिल हो सकते हैं। पिछली बार की द्वितीय बोर्ड परीक्षा में करीब 82 हजार छात्र शामिल हुए थे। उसमें से कई ऐसे थे जिन्हें पहली परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक नंबर मिले थे। गौरतलब है कि सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं की परीक्षा साल में दो बार हो रही है।

### दुर्ग जिले से 10वीं और 12वीं में 20768 स्टूडेंट्स हुए थे शामिल

सीजी बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में इस वर्ष 10वीं और 12वीं कक्षा में 20768 स्टूडेंट्स शामिल हुए, इनमें 16901 विद्यार्थी पास हुए। शेष या तो अनुत्तीर्ण हुए, या उन्हें पूरक की पात्रता मिली। इतना ही नहीं पास होने वाले 40 प्रतिशत बच्चे ऐसे हैं, जो कि सेकंड डिवीजन या इससे भी निचले स्तर से पास हुए हैं। ऐसे बच्चों के पास भी सेकंट टर्म परीक्षा में बैठने का मौका है। इसे लेकर सीजी बोर्ड ने तैयारी शुरू क दी है। इस बारे में अधिक जानकारी स्कूल और जिला शिक्षा कार्यालय से ली जा सकती है।

### सीबीएसई : 28 मई तक छात्र ले सकेंगे निःशुल्क टेली-काउंसलिंग सेवा का लाभ

**भिलाई।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने बीते दिनों 10वीं-12वी रिजल्ट 2025 घोषित कर दिए हैं। सीबीएसई ने परीक्षा परिणामों के बाद छात्रों में मानसिक तनाव और चिंता को कम करने के लिए 13 से 28 मई तक निःशुल्क टेली-काउंसलिंग सेवा शुरू की गई है। इसके तहत विद्यार्थी निःशुल्क काउंसलर से बातचीत कर अपनी समस्याएं और उनका समाधान जान सकेंगे। टेली काउंसलिंग सेवा से विद्यार्थियों को न केवल मानसिक तनाव से उबरने में राहत मिलेगी। बल्कि उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में भी यह मददगार साबित होगा। यह सेवा बोर्ड की उन दो चरणों वाली काउंसिलिंग योजना का दूसरा हिस्सा है, जिसका पहला चरण परीक्षाओं के दौरान शुरू किया गया था। अब परिणाम जारी होने के बाद दूसरा चरण छात्रों को मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से आरंभ हुआ है।

**टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर विद्यार्थी ले सकेंगे जानकारीः** जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया ह। सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सकते है। पोस्ट-रिजल्ट साइकोलॉजिकल काउंसलिंग के लिए विद्यार्थी टोल फ्री नंबर 1800-11-8004 का उपयोग कर सकते हैं. यहां विशेषज्ञों की मदद से विद्यार्थी परीक्षा परिणाम के बाद उत्पन्न हो रही समस्याओं के व्यवहारिक समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

## आयोजन

### नेहरू स्कूल से कल निकलेगी तिरंगा यात्रा, स्कूली विद्यार्थी होंगे शामिल

**भिलाई।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जवाहर लाल नेहरू स्कूल खुर्सीपार से 17 मई को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा में स्कूली बच्चे शामिल होंगे। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। तिरंगा यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। आयोजनकर्ता मनीष अग्रवाल ने बताया कि यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और शैक्षिक संस्थानों से भी यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया गया है। यह आयोजन युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। भारतीय सेना के जवानों का हौसला बढ़ाने व उनके प्रति आभार जताने के लिए यह तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

सिटी इवेंट

## लोगों को सर्टिफिकेट डिलीवरी में मोर संगवारी को प्रदेश में मिला तीसरा स्थान



**भिलाई।** घर बैठे-बैठे शासकीय कार्यों का निराकरण करने शासन की महत्वाकांक्षी योजना मोर संगवारी योजना चल रही है। मोर संगवारी योजना के अंतर्गत अनेक हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के कार्य में भिलाई नगर निगम को पूरे राज्य में तीसरे स्थान पर रखा गया है। शासन की इस योजना के अंतर्गत शासकीय कार्य के लिए निगम या सरकारी दफतर आने की आवश्यकता नहीं है। मोर संगवारी योजना के अंतर्गत सभी नागरिक निगम संबंधी कोई भी दस्तावेज घर पर बैठे-बैठे टोल फ्री नबंर 14545 पर कॉल करके बनवा सकते हैं। मोर संगवारी के एजेंट आपके घर आयेगे, संबंधित कार्य के लिए दस्तावेज लेकर ऑफिस से बनवाकर प्रमाण पत्र ले जाकर घर में पहुंचा देगें। इस योजना के तहत घर पर ही बैठे-बैठे प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। मोर संगवारी के नोडल अधिकारी दिप्ती साहू ने बताया कि निगम भिलाई द्वारा संगवारी के माध्यम से विवाह प्रमाण पत्र 2765, मृत्यु प्रमाण पत्र 1204, जन्म प्रमाण पत्र 1991, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12685, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13287, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1354 सहित कुल 40336 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। दिप्ती साहू ने बताया कि नागरिको को पहले इसी कार्य के लिए नगर निगम भिलाई में आकर अपना समय, पेट्रोल एवं पैसा खर्च करना पड़ता था। अब यही सब काम घर बैठे-बैठे मात्र 50 रूपये देकर मिल रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मोर संगवारी को 14545 पर कॉल करें और घर बैठे सभी 27 प्रकार के दस्तावेज का लाभ प्राप्त कर सकते है।



सिटी इवेंट

## निर्यात कर के विषय पर चेम्बर निगम आयुक्त से मिले, हुई चर्चा



**भिलाई।** छतीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई के महामंत्री अजय भसीन और गारगी शंकर मिश्रा ने भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय से मुलाकात की। अजय भसीन ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा निर्यातकर नही देने वाले उद्योग संचालकों को नोटिस के बाद चेम्बर का दल व उद्योग संचालक आयुक्त को ज्ञापन देकर कर प्रावधान की जानकारी दी। ज्ञापन में जानकारी देते हुए 2016 में जी एस टी कर लागू होने के बाद 2017 में शासन द्वारा कर प्रावधान में उल्लेख किया गया है कि जीएसटी लागू होने के पश्चात सारे करो को जीएसटी में समाहित कर दिया गया है, ऐसे में अन्य किसी कर का औचित्य नही रहेगा। दुर्ग संभाग प्रभारी गारगी शंकर मिश्रा ने कहा कि संविधान में उल्लेखित शराब, मादक व पेट्रोलियम पदार्थ को छोड़कर सभी करो को जी एस टी में समाहित किया गया है इस उल्लेख का अध्ययन कर अवलोकन करें एवं इस आदेश को फिलहाल शिथिल करने को कहा गया। आयुक्त को जानकारी देते हुए कहा कि भिलाई उद्योगिक क्षेत्र में अधिकांश उद्योग स्टील उद्योग है बहुत कम मार्जिन में व्यापार किया जाता है ,ऐसे में निर्यात कर का बोझ प्रतिस्पर्धा बाजार में हमे कमजोर करेगा। आयुक्त ने चेम्बर के प्रस्ताव पर अध्ययन कर पुनः चेम्बर को विश्वास में लेकर आगे की कार्यवाही पर चर्चा किये जाने की बातें कही। इस दौरान जे पी गुप्ता, महेश बंसल, कर्म जीत बेदी, अतुल चंद साहू, आशीष अग्रवाल, भोला नाथ सेठ, अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, विनोद सोनी, इन्चित राय, शंकर सचदेव सहित अनेक उद्योगपति मौजूद थे।

## मशरूम की खेती का वादाः लागत हो कम मुनाफा हो ज़्यादा, किसानों की नई उम्मीद

**भिलाई।** गाँवों में मशरूम खेती किसानों के लिए एक की नई उम्मीद बनकर उभर रही है। कम ज़मीन, कम लागत और कम पानी में भी अधिक मुनाफा देने वाली मशरूम की खेती अब किसानों के लिए फायदेमंद विकल्प बनती जा रही है। परंपरागत फसलों की तुलना में मशरूम उत्पादन से प्रति किलो अधिक आमदनी हो रही है। एग्रीकल्चर में लास्ट सेमेस्टर की स्टूडेंट दिव्या चौरसिया ने अपने शोध कार्य के दौरान अपने अनुभव को बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार मशरूम की खेती के लिए न तो महंगे बीजों की जरूरत होती है, न ही कीटनाशकों पर भारी खर्च करना पड़ता है। इसके लिए मुख्य रूप से भूसा, नमी और थोड़ी सी जगह की जरूरत होती है। एक छोटे कमरे में भी इसकी शुरुआत की जा सकती है। राज्य सरकारें भी मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और सब्सिडी योजनाएं चला रही हैं। कुछ किसानों का कहना है कि वे महीने भर में ही हज़ारों रुपये तक कमा रहे हैं। मशरूम की खेती किसानों के लिए न सिर्फ आय का नया स्त्रोत बन रही है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त कदम भी साबित हो रही है।



● एनएसपीसीएल और एंजल विंग्स स्कूल का दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन

# अबेकस, फोनेटिक्स, कैलीग्राफी और क्लासिकल नृत्य संगीत की सीखी बारीकियां, समापन में दी रंगारंग प्रस्तुति

**भिलाई।** गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक और शिक्षाप्रद बनाने के उद्देश्य से एंजेल विंग्स प्री स्कूल व एनएसपीसीएल लिमिटेड के तत्वावधान में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन एनएसपीसीएल टाउनशिप, तालपुरी, भिलाई में किया गया था। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न कलाओं और शैक्षणिक तकनीकों को एक्पर्ट द्वारा सीखने का अवसर मिला। इस समर कैंप में बच्चों के बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, रूबिक क्यूब, अबेकस, वेस्टर्न व क्लासिकल डांस, संगीत, फोनेटिक्स व कैलीग्राफी सहित अन्य एक्टीविटी एक्सपर्ट द्वारा सिखाई गई। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जिसके समापन समारोह के अवसर पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 3 मई से 13 मई तक आयोजित समर कैंप के समापन समारोह के अवसर पर एनएसपीसीएल लिमिटेड के जीएम नील कुमार शर्मा और नीरू शर्मा सहित कंपनी के कई अधिकारी शामिल रहे। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कई अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, रूबिक क्यूब, अबेकस, वेस्टर्न व क्लासिकल डांस, संगीत, फोनेटिक्स व कैलीग्राफी प्रमुख रहे है।



### बच्चों ने सीखी तेज गणना और सटीक तकनीकें

अबेकस की कक्षा में बच्चों ने गणना की तेज़ और सटीक तकनीकें सीखी, वहीं फोनिक्स के माध्यम से अंग्रेज़ी उच्चारण और शब्दों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया गया। कैलीग्राफी में बच्चों ने सुंदर लेखन की बारीकियाँ सीखी, जो उनकी रचनात्मकता और एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक रही। इसके साथ ही, क्लासिकल डांस की कक्षा ने बच्चों को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हुए शारीरिक लय और अनुशासन सिखाया।

### एक्पर्ट्स ने सिखाई संगीत व नृत्य कला, सीखने में बच्चों ने दिखाया उत्साह







एंजेल विंग्स प्री स्कूल द्वारा आयोजित इस मिस्ट्री कैंप में शाला के ही एक्सपर्ट शिक्षिक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रशिक्षित किया। समर कैंप में शाला की प्राध्यापिका शुभ्रा भट्टाचार्य ने संगीत, श्वेता करालकर ने आर्ट एंड क्राफ्ट, चैताली आनंद ने अबेकस व रूबिक क्यूब्स की शिक्षा दी। वहीं क्लासिकल डांस गीत वितान कला केंद्र के नृत्यमणि मिथुन दास द्वारा सिखाया गया। वेस्टर्न डांस स्नेहा सोनी और सुमन महतों द्वारा विभिन्न डांस के स्टेप व बारीकियां सिखाई गई। पेंटिंग और ड्राइंग के का हुनर गुरु सौरभ चक्रबर्ती ने सिखाया। शिविर के समापन अवसर पर बच्चों ने सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन भी किया, जिसे अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दस दिवसीय समर कैंप में शाला के अन्य शिक्षक सुचित्रा नाथ, श्रुति बेनर्जी, गुरप्रीत कौर और दुपर्णी बाई का विशेष योगदान रहा। एंजेल विंग्स प्री स्कूल की डायरेक्ट अस्मिता बेनर्जी ने एसएसपीसीएल ग्रुप के सभी सदस्यों को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है। आने वाले समय में भी एनएसपीसीएल ग्रुप के साथ इस तरह की गतिविधियों में शामिल होने की बातें कही।

श्री शंकराचार्य यूनिवर्सिटी में आयोजन

## क्विज, टेलेंट हंट, फेस्ट और टॉक शो में छाए रहे ऑपरेशन सिंदूर के प्रश्न, विजेता हुए पुरस्कृत



**भिलाई।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी और टेक्निकल कैंपस के तत्वाधान में इग्नाइटेड 25 का आयोजन किया गया। स्कूल के हॉयर सेकेंडरी के विद्यार्थियों के लिए क्विज, टेलेंट हंट, फेस्ट और उपयोगी टॉक शो का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्विज ब्लिट्ज था जिसमें विद्यार्थियों की 4 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा रही। इसकी संयोजक डॉ सिंधु नायर ने बताया कि इग्नाइटेड 25 का आयोजन डॉ जया मिश्रा एवं रुद्रांश मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतिभागी 250 विद्यार्थियों में से 12 विद्यार्थियों का चयन प्रश्नों के माध्यम से किया गया। विभिन्न स्कूलों से चुने गए 12 विद्यार्थियों की 4 टीमें बनाई गई। स्पर्धा में चार राउंड सभी टीमों के लिए निर्धारित थे जिसमें स्पोर्ट्स, ब्रेन स्टार्मिंग, अराउंड द वर्ल्ड तथा मोर भुइयां मोर माटी थे। डॉ परख सहगल ने क्विज के प्रश्नों को बड़े ही रोचक अंदाज में रखा। क्विज राउंड में ऑपरेशन सिंदूर के प्रश्न छाए रहे। स्पोर्ट्स राउंड में आई पी एल और मोर भुइयां मोर माटी में अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश से संबंधित प्रश्न पूछे गए। चारों टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा रही और फैसले के लिए आयोजित बोनस राउंड में भी दो टीमों के बीच टाई होने से रैपिड फायर के माध्यम से निर्णय हुआ। प्रथम स्थान प्राप्त टीम में रजनी मरकाम, शासकीय हॉयर सेकेंडरी स्कूल, मरोदा टैंक, पल्लव देवांगन स्वामी आत्मानंद स्कूल, नगपुरा, साज मेश्राम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग थे। जिन्हें 11 हजार रुपए की राशि मिली। उपविजेता टीम में अभिनव केंद्रीय विद्यालय दुर्ग, खुशी साहू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवबलोदा, पिंकी देवांगन शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, सुरूडूंग शामिल थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा, कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट, डायरेक्टर पी बी देशमुख ने विजयी छात्रों को बधाई दी। क्विज कार्यक्रम में डॉ सिंधु नायर, डॉ परख सहगल, ओमप्रकाश टेकाम, सिंपल विजय, प्राची शर्मा, डॉ प्रशांत, पूर्वी मिश्रा, चेतना राहंगडाले, एकता देवांगन, जयश्री और मंगल भट्ट शामिल थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विधार्थियों के साथ प्राध्यापक उपस्थित थे।



एलुमनी मीट का आयोजन

## पास आउट विद्यार्थी महाविद्यालय के विकास में करेंगे योगदान, हुई चर्चा



**भिलाई।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में पूर्व में पास आउट विद्यार्थियों का एलुमनी एसोसिएशन के बैनर तले एक बैठक प्राचार्य डॉ. कमर तलत की अध्यक्षता में की गई। इसमें महाविद्यालय के पास आउट विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत के पश्चात फीडबैक के अंतर्गत एलुमनी के विद्यार्थियों को अपनी तरफ से बात रखने और महाविद्यालय के विकास में योगदान पर विचार रखने को कहा गया। इस पर एलुमनी द्वारा प्राइवेट छात्र के परीक्षा केंद्र और नियमित स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के परीक्षा केंद्र के बारे में उठी चर्चा में प्राचार्य ने बताया कि अब आगामी सत्र से नियमित और प्राइवेट छात्रों का परीक्षा केंद्र बोरी रहेगा। बैठक में उपस्थित एलुमनी कृष्णा कुमार साहू ने महाविद्यालय को एक कंप्यूटर उपलब्ध कराने की बात कही, इसके बाद एलुमनी के अन्य पदाधिकारियों ने मिलकर सदस्यता संख्या बढ़ाने, एलुमनी एसोसिएशन का पंजीकरण, स्पोर्ट्स क्लब, महाविद्यालय विकास कार्य के लिए मुद्रा, वस्तु, श्रम के रूप में दान देने का प्रस्ताव पारित किया। साथ ही अन्य सहयोग के लिए एलुमनी एवं स्थानीय सरपंच की संयुक्त बैठक शीघ्र कराने का आश्वासन दिया। बैठक में पूर्व छात्र सूरज देशमुख, मोहनीश ताम्रकार, गोपेन्द्र सिंह राजपूत, निलेश शर्मा, कृष्णा साहू, युगल किशोर, मयंक देशमुख, राघव किशोर वर्मा और महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तापस मुख़र्जी, डॉ. समीर जायसवाल, कविता ठाकुर उपस्थित थे। बैठक का संचालन एलुमनी समिति प्रभारी डॉ. अमरनाथ शर्मा ने किया।

**शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में सत्र 2024-25 की एलुमनी बैठक**

कार्नर न्यूज

11 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन का हुआ समापन, हुई महाआरती

# भगवद् प्राप्ति के तीन मार्गों में भक्तिमार्ग सरल और सर्वश्रेष्ठ इसका कोई नियम नहीं, राधा कृष्ण की निष्काम होकर करें भक्ति

**भिलाई।** जगदगुरुत्तम स्वामी कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी दवरा लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, जुनवानी में 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का समापन हुआ। इस अवसर पर आसपास सहित दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रवचन के बाद श्री राधाकृष्ण की 108 थाली में दीपक लेकर सामूहिक महाआरती की। दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के 11वें दिन वेद और शास्त्रों के प्रमाण सहित बताया कि भगवद्प्राप्ति के तीन मार्गों को प्रशस्त किया गया है कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग। भगवद्प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग बड़ा सरल है, और भक्ति में कोई नियम नहीं है। भक्ति मार्ग में बस कामना शून्य भक्ति होनी चाहिए यानी निष्काम और अनन्य भक्ति हो। राधा कृष्ण की भक्ति निष्काम होकर करनी होगी।



### भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, साध्य और सर्वश्रेष्ठ मार्ग



धामेश्वरी देवी की दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के ग्यारहवें एवं अंतिम दिन देवी ने बताया कि कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग और भक्तिमार्ग भगवद्प्राप्ति इन तीनों मार्गों में केवल भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम, सर्वसाध्य एवं सर्वश्रेष्ठ मार्ग है। प्रथम दो मार्गों का संक्षेप वर्णन कर बताया कि कर्म मार्ग की वेदों में कर्मकांड की घोर निंदा भी की गई है। इसका कारण बताया कि कर्मकांड से स्वर्ग की प्राप्ति होती है लेकिन स्वर्ग भी क्षणभंगुर है मायिक है। अतः कर्मकांड करना घोर मूर्खता है इस मार्ग के कड़े नियमों का सही सही पालन न करने वाले यजमान का नाश हो जाता है।

### ज्ञानी भगवान की शरण में नहीं जाते

ज्ञान मार्ग पर चलना भी कलयुग में बहुत मुश्किल है क्योंकि उसमें अधिकारी होना चाहिए। संसार से पूर्ण विरक्त व्यक्ति ही ज्ञान मार्ग में अधिकारी बनेगा और दूसरी बात ज्ञानी भगवान की शरण में नहीं जाता है और नियम ये है कि सगुण साकार भगवान के शरणागत होने पर ही मायानिवृति हो सकती है। ज्ञानी का ज्ञान मार्ग में बार बार पतन होता है जिसकी रक्षा करने वाला न भगवान होता है न गुरु ही होता है।

### सरल है भक्ति मार्ग

हमारे वेदों में भक्ति से युक्त कर्म धर्म की प्रशंसा की गई है और भक्ति से रहित कर्म धर्म निंदनीय है। भक्ति मार्ग बड़ा सरल है क्योंकि इसमें सभी अधिकारी हैं और भक्ति में कोई नियम नहीं है कि कैसे भक्ति करो, कर्म आदि में तो नियम है, कर्मकांड में विधि विधान होना कम्पलसरी है। भक्ति मार्ग में बस इतना ही नियम है कि कामना शून्य भक्ति होनी चाहिए यानी निष्काम और अनन्य भक्ति हो। राधा कृष्ण की भक्ति निष्काम होकर करनी होगी। महापुरुषों के द्वारा तत्वज्ञान प्राप्त कर उनके अनुगत होकर भक्ति करना ही भक्ति की विशेषता है। गीता में कहा गया है कि जो अनन्य भाव से निरंतर मेरी भक्ति करता है, मैं उसका योगक्षेम वहन करता हूं। भक्ति सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि भक्ति करने से अंतःकरण शुद्ध होता है। अंतःकरण शुद्धि पर गुरु द्वारा दिव्य इंद्रिय मन बुद्धि प्राप्त होते हैं तभी भगवान का दर्शन उनका प्रेम, उनकी सेवा मिलती है। भगवद्प्राप्ति के बाद भी भक्ति बनी रहती है और यह भक्ति उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। इस प्रकार भक्ति अजर अमर है। भक्ति मार्ग में भगवान श्रीकृष्ण का प्रेमानंद या ब्रजरस मिलता है, सर्वोच्च रस ब्रजरस ही है, जिसकी महिमा सभी संतों ने बताई है इसलिए भगवद् प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग ही सर्वसुगम सर्वश्रेष्ठ है। प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण भगवान और जगद्गुरु कृपालु महाराज की भव्य आरती के साथ हुआ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एलआईसी की मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शशांक-कविता बने विजेता




**रायपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, रायपुर मंडल की मंडल स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सप्रे शाला बैडमिंटन हॉल, रायपुर में किया गया । जिसमें पुरुष वर्ग में शाखा कार्यालय रायपुर-3 के शशांक शेखर शर्मा विजेता बने एवं महिला वर्ग में मंडल कार्यालय रायपुर की कविता दीक्षित प्रथम स्थान पर रही । प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक (डीटीसी) केके मूर्ति थे। मंच पर रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन सह सचिव गजेंद्र पटेल, सेलेक्शन कमेटी के सदस्य अनुरोध शर्मा, क्रीड़ा एवं मनोरंजन समिति, रायपुर की सचिव संध्या राज एवं मुख्य निर्णायक रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनुराग दीक्षित उपस्थित थे । पुरुष वर्ग के फायनल में शाखा कार्यालय रायपुर-3 के शशांक शेखर शर्मा एसओ बेमेतरा, दुर्ग के विशाल लुगुन को 2-0 से हराकर विजेता बने । प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम शशांक शेखर शर्मा ( रायपुर-3), द्वितीय - विशाल लुगुन ( एसओ बेमेतरा, दुर्ग), तृतीय - अभिजीत घोष (जगदलपुर) । महिला वर्ग में प्रथम कविता दीक्षित (मंडल कार्यालय रायपुर) रहीं। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर चयनित खिलाड़ी एवं मध्य क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिये सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी महिला वर्ग में शौर्या यदु (शाखा कार्यालय रायपुर-3) का चयन आगामी ग्वालियर में प्रस्तावित ₹मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता₹ के लिए किया गया है। जिसमे सम्पूर्ण मध्य क्षेत्र (मप्र एवं छत्तीसगढ़) के 08 मंडल कार्यालय के पुरुष एवं महिला विजेता एवं सीधी पात्रता प्राप्त खिलाड़ी भाग लेंगे । मध्य क्षेत्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थान प्राप्त खिलाड़ी भारतीय जीवन बीमा निगम की अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मध्य क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस अवसर पर एस पी चंद्राकर, विजय तिरपुडे, अगेश्वर साहू, सुभाष साहू, ललित वर्मा एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी भारतीय जीवन बीमा निगम, क्रीडा एवं मनोरंजन समिति रायपुर के सह सचिव विनय बैसवाड़े ने दी ।

### रायपुर ब्लू को 42 रनों से हराकर बिलासपुर की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर अपना दूसरा मैच दल्ली राजहरा में रायपुर ब्लू के मध्य खेला गया।जिसमें रायपुर ने तीसरे दिन का खेल खत्म होते तक 7 विकेट में 102 रन बना लिए थे। कल रायपुर टीम अंतिम दिन बल्लेबाजी करते हुए 51.4 ओवर में 135 रन बनाकर आउट हो गई। जिसमें सिद्धांत गोयल ने 42 रन, आदित्य चौहान ने 17 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए आदित्य ब्याद्वल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट प्राप्त किए।

इस तरह बिलासपुर ने रायपुर ब्लू को 42 रनों से हराते हुए जीत दर्ज कर 6 अंक प्राप्त करने में सफल हुई। मैच के निर्णायक महेश वर्मा और अशोक रिग्री है। ऑब्जर्वर कमल घोष और स्कोरर महेंद्र साहू थे। बिलासपुर टीम के कोच सैयद जावेद अली और मोईन मिर्जा है। यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

### राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीते 16 पदक



**रायपुर।** 13 मई को 12 वीं राज्य स्तरीय कैडेट-जूनियर किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता कोरबा में सम्पन हुई। टीम हियाल मार्शल आर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अलग अलग भार वर्ग आयु वर्ग में 7 स्वर्ण 7 रजत 2 कांस्य सहित कुल 16 पदक प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जिसमे 7 खिलाड़ी आगामी होने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित हुए। स्वर्ण पदक भावना साहू,अर्चना दिप, प्रज्ञा राणा,मंजू साहू , नित्यम कुमार साहू , केतन राणा, सदानंद प्रशाद भंजदेव रजत पदक भूपेश दिप,बिद्या दिप ,कुशाग्र कुमार साहू ,रणवीर कुँवर ,हर्ष बाग ,आयुष साहू, चैतन्य साई सोना कांस्य पदक एशिनी वर्मा, सभ्यता सिंह कंवर,ऑफिशियल-रेफरी में अन्नू देवी कंवर, दामिनी ध्रुव और उधम बघेल है।

---

**फैट को लेकर मिथक चलन में, हकीकत को जरूर जानें**

# ट्रांस फैट से बढ़ता है हार्ट अटैक का खतरा हेल्थ रिस्क के साथ जानें बचने के तरीके

वजन कम करने के लिए फैट फूड को खाना बंद करना होगा। यह दुनिया का सबसे बड़ा मिथक है। इसका कारण है कि अधिकतर लोगों का मानना है, कि फैट खाने से ही वजन बढ़ता है। जबकि ऐसा नहीं है, प्रोटीन और कार्ब की तरह फैट भी शरीर के लिए काफी जरूरी होता है। फैट खाने के कई फायदे हैं, जैसे टेस्टोस्टेरोन का लेवल बढ़ाता है,शरीर के विभिन्न कार्यों में मदद करता है, फैट खाने से गहरी नींद आती है, हड्डी और जोड़ों के लिए है अच्छा और स्किन के लिए महत्वपूर्ण है। बताना चाहूंगा कि फैट खाने से वजन नहीं बढ़ता बल्कि फैट के गलत प्रकार का अधिक सेवन करने से वजन बढ़ता है। जो कि कई फैक्टर्स पर निर्भर करता है।

लंबे समय तक सैचुरेटेड फैट और ट्रांस फैट के सेवन से शरीर में चर्बी का स्टोरेज होने लगता है और वजन बढ़ने लगता है।

ट्रांस फैट को अनहेल्दी फैट के रूप में जाना जाता है, जिसके सेवन से कई हेल्थ रिस्क हो सकती हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में ट्रांस फैट के सेवन में काफी कमी देखी गई है। लेकिन अभी भी ट्रांस फैट रोजमर्रा की चीजों में मिल जाता है। तो आइए जानते हैं, ट्रांस फैट के बारे में वो सब जो जानना काफी जरूरी है।



### ट्रांस फैट क्या है

खाद्य पदार्थों में दो प्रकार के ट्रांस फैट पाए जाते हैं, प्राकृतिक ट्रांस फैट और आर्टिफिशिअल ट्रांस फैट प्राकृतिक ट्रांस फैट कुछ जानवरों के पेट में उत्पन्न होते हैं और इन जानवरों से बने खाद्य पदार्थों (जैसे, दूध और मांस उत्पादों) में इन फैट की मात्रा आ जाती है। वहीं आर्टिफिशिअल या कृत्रिम ट्रांस फैट (या ट्रांस फैटी एसिड) एक इंडस्ट्रियल प्रोसेस से बनाए जाते हैं, जो लिक्विड वनस्पति तेलों को रूम तापमान पर ठोस बनाने के लिए हाइड्रोजनीकरण विधि से बनाया जाता है और उन्हें रासायनिक रूप से बदल दिया जाता है। यह उन्हें लंबे समय तक सेल्फ लाइफ देता है।



आपकी रोजाना ली जाने वाली कैलोरी का 1 प्रतिशत से अधिक ट्रांस फैट का सेवन नहीं करना चाहिए। यानी कि अगर कोई 2000 कैलोरी का सेवन कर रहा है, तो 20 कैलोरी से अधिक ट्रांस फैट से नहीं जाना चाहिए।

प्रोसेस फूड के ट्रांस फैट के लिए प्राइमरी डाइट्री सोर्स 'आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल' है। नवंबर 2013 में, अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने एक ऑर्डर निकाला था कि आंशिक रूप से हाइड्रोजनीकृत तेल को आम तौर पर मानव भोजन में प्रयोग होने के लिए सुरक्षित होने के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। वहीं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने भी खाद्य पदार्थों में ट्रांस फैट के इस्तेमाल को कम करने के लिए कुछ नियम जारी किए थे। नियम के मुताबिक, प्राधिकरण ट्रांस फैट की मात्रा को 2021 तक 3 प्रतिशत और 2022 तक 2 प्रतिशत तक करने के लिए नियम ला चुका है।



वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2022 तक दुनिया को ट्रांस फैट से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। 2003 में नॉर्वे ने फूड में ट्रांस फैट की मात्रा को पूरी तरह से बैन कर दिया था।

### ट्रांस फैट हेल्थ को कैसे प्रभावित करते हैं ?

ट्रांस फैट आपके खराब कोलेस्ट्रॉल के लेवल को बढ़ाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करते हैं। ट्रांस फैट खाने से हृदय रोग और स्ट्रोक होने का खतरा बढ़ जाता है। यह टाइप-2 डायबिटीज के विकास के जोखिम को भी बढ़ा देता है।

---

## ऑनलाइन साथी ढूंढने से पहले हो जाएं सावधान, फ्रॉड से बचें



आज के समय में सही जीवनसाथी ढूंढ पाना काफी मुश्किलभरा काम हो चुका है। ऐसे में मेट्रिमोनियल साइट्स आपको परफेक्ट मैच का ऑप्शन दे रही हैं, लेकिन कई बार स्कैमर्स इन वेबासाइट्स पर फेक अकाउंट बनाकर धोखाधड़ी भी करते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहने की जरूरत है।

जहां पहले जमाने में रिश्तेदार या परिचित शादियां तय किया करते थे, वहीं आज के दौर में शादी के लिए जीवनसाथी ढूंढने का तरीका काफी बदल गया है। आज के डिजिटल दौर में, लोग अब मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए परफेक्ट मैच ढूंढ रहे हैं। ये साइट्स न केवल आपका समय बचाती हैं, बल्कि आपको देश-विदेश में रहने वाले संभावित पार्टनर्स से कॉन्टैक्ट करने का मौका भी देती हैं।

हालांकि, ये वेबसाइट्स जितनी सुविधाजनक हैं, उतनी ही इनके जरिए धोखाधड़ी भी होती है। आपने कई बार सुना होगा कि महिला को उसके परफेक्ट मैच ने लाखों का चूना लगाया या किसी इंसान को तब झटका लगा जब उसे पता चला कि उसका मंगेतर पहले से शादीशुदा है। कई ऐसे मामले सामने आते रहते हैं और इससे बचने के लिए आपको केवल सतर्क नहीं रहना होगा, बल्कि आपको कुछ तरीकों को अपनाकर खुद को फ्रॉड से बचाना होगा।



जब भी आप किसी मेट्रिमोनियल वेबसाइट पर पार्टनर की तलाश करें, तो कोशिश करें कि ऐसी साइट को सेलेक्ट करें, जो आपको प्रोफाइल वेरिफिकेशन की सुविधा देती हो। वेरिफाइड प्रोफाइल का मतलब होता है कि उस इंसान की पहचान और जानकारी को पूरी तरह से जांचा गया है और वह असली है। अगर किसी की प्रोफाइल में जानकारी बहुत कम हो, फोटो या डिटेल्स काफी ज्यादा परफेक्ट लगे, तो सतर्क हो जाएं। अक्सर ऐसी प्रोफाइल्स नकली या फ्रॉड हो सकती हैं।

### अपनी पर्सनल इन्फॉर्मेशन किसी अनजान से शेयर न करें


जब आप किसी मेट्रिमोनियल साइट पर बात कर रही होती हैं, तो आपको शुरुआत में भरोसा नहीं करना चाहिए। अपने घर का एड्रेस, बैंक डिटेल्स,आधार कार्ड या पैन कार्ड जैसी डिटेल्स किसी भी अनजान के साथ शेयर नहीं करनी चाहिए। कई बार स्कैमर्स आपकी इन जानकारियों का इस्तेमाल करके आपके साथ ठगी और आपके बैंक अकाउंट को खाली कर सकते हैं। इसलिए, जब आप ऑनलाइन पार्टनर ढूंढ रही हों, तो सबसे पहले वेबसाइट या ऐप के मैसेंजिग सिस्टम का इस्तेमाल करें।

### पैसों की मांग करने वालों से सावधान

यदि आप किसी मेट्रिमोनियल साइट से जुड़ी हैं और वहां आपको कोई इंसान मिला है। वह कुछ दिन आपसे बात करने के बाद कुछ पैसों की रिक्वेस्ट करता है और मनगढंत कहानियां बनाकर आपको सुनाता है, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए।

### परिवार और दोस्तों को साथ रखें

जब आप मेट्रिमोनियल साइट के जरिए किसी से बातचीत शुरू करें, तो उसकी जानकारी घरवालों और दोस्तों को जरूर दें। हर किसी का नजरिया दूसरे से अलग होता है ।



---

## नीलम रत्न पहनने के दौरान भूलकर भी न करें ये गलतियां, हो सकता है नुकसान

हमारे यहां सभी रत्नों को बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है और सभी रत्नों का संबंध ग्रहों से है। अब ऐसे में अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इस दौरान किन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इसके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

सभी जातकों के लिए रत्न अलग-अलग तरह से काम करते हैं। किसी जातक के लिए रत्न शुभ भी माने जाते हैं और अशुभ भी। इसलिए अगर आप रत्न पहनते हैं तो इस सही नियम के साथ-साथ सही विधि से पहनने की मान्यता है। सभी रत्न के स्वामी ग्रह भी अलग-अलग हैं। आपको बता दें, रत्न को पहनने से व्यक्ति के ऊपर स्वामी ग्रह की कृपा बरसती है। अब ऐसे में अगर कोई जातक नीलम रत्न पहन रहा है तो उसे किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

### नीलम रत्न पहनने के दौरान इन नियमों का करें पालन

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, अगर आप नीलम रत्न पहनते हैं तो इससे पहनने से पहले अपने ज्योतिषसे सलाह जरूर लें कि आपकी राशि के लिए कौन सा रत्न शुभ है। वहीं नीलम रत्न पहनने के दौरान उसे मध्यमा उंगली में पहनें। क्योकि नीलम रत्न का संबंध शनि ग्रह से है। अगर महिलाएं नीलम रत्न पहन रही हैं तो उसे मध्यमा उंगली में ही पहनें। अगर आप नीलम रत्न पहन रहे हैं तो इसे धारण करने के लिए शनिवार का दिन सबसे शुभ माना जाता है। शनिवार के दिन आप ब्रह्म मुहूर्त से लेकर शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे के बीच धारण कर सकते हैं। नीलम रत्न पहनने से पहले उसे सही तरह से गंगाजल और दूध से शुद्धि कर लें। अगर कोई जातक नीलम रत्न पहन रहा है तो इस दौरान शनिदेव के मंत्रों का जाप विशेष रूप ले करें। आप 'ऊं शं शनैश्चराय नमः' का 108 बार जाप विधिवत रूप से कर सकते हैं। नीलम रत्न पहनने के बाद उसे बार-बार नहीं उतारना चाहिए। नीलम को माणिक्य , मोती और मूंगा के साथ नहीं पहनना चाहिए, क्योंकि ये शनि के शत्रु ग्रह माने जाते हैं। नीलम धारण करने वाले व्यक्ति को तामसिक भोजन और शराब से परहेज करना चाहिए। नीलम धारण करने वाले जातकों को नियमित रूप से शनि देव की पूजा करनी चाहिए।



### नीलम रत्न पहनने का महत्व

नीलम रत्न शनि ग्रह का कारक माना जाता है और इसके बुरे प्रभावों को कम करने के लिए इस रत्न को पहना जाता है। जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा चल रही हो, उन्हें नीलम पहनने से लाभ हो सकता है।

---

## इसलिए खाने से पहले पानी में भिगोकर रखने चाहिए आम

आपने अक्सर बड़े लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि आम को खाने से पहले 1-2 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रख दें। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसा क्यों कहा जाता है और आम को भिगोकर खाने के पीछे क्या वजह है?

आम खाने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है, जिसकी वजह से थर्मोजेनिक का उत्पादन होता है। आम को थोड़ी देर पानी में सोक करने से इस गुण को कम करने में मदद मिलेगी। थर्मोजेनिक का उत्पादन बढ़ने से ये एक्ने, कब्ज, सिर दर्द जैसी परेशानियों का कारण बन सकता है। कई लोगों को आम खाने से पिंपल, एक्ने या फिर अन्य स्किन प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। इसके अलावा कब्ज, सिरदर्द या फिर पेट से जुड़ी अन्य शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ता है। ऐसे में पानी में इसे कुछ देर भिगोकर रखने से इसकी गर्म तासीर से छुटकारा मिल सकता है।



फाइटिक एसिड एक तरह का न्यूट्रिशन है, जो शरीर के लिए अच्छा और बुरा दोनों हो सकता है। इसे एक एंटी पोषक तत्व माना जाता है, जो शरीर को आयरन, जिंक, कैल्शियम और अन्य मिनरल्स को अवशोषित करने से रोकता है, जिसकी वजह से शरीर में मिनरल्स की कमी होने लगती है। आम में भी नेचुरल मॉलिक्यूल यानी फाइटिक एसिड होता है। फाइटिक एसिड बॉडी में हीट जेनरेट करता है, ऐसे में कुछ देर तक पानी में रखने से यह निकल जाता है।

इसके अलावा यह फैट बर्न करने में भी मदद कर सकता है। दरअसल, आम में फाइटोकेमिकल्स स्ट्रांग होते हैं, ऐसे में जब हम इसे पानी सोक होने के लिए रखते हैं, तो इसकी कॉन्सन्ट्रेशन कम हो जाती है और वे नेचुरल फैट बस्टर के रूप में कार्य करते हैं।

आम के पेड़-पौधों में हानिकारक पेस्टिसाइड और इंसेक्टिसाइड का इस्तेमाल किया जाता है। यह शरीर के लिए जहर के समान होता है और इसके सेवन से एलर्जी, स्किन इरिटेशन या फिर अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसे पानी में डुबोकर कुछ देर के लिए छोड़ दें और फिर खाएं

---

**कार्नर न्यूज**

**पहाड़ों की सैर में बरतनी चाहिए अतिरिक्त सावधानी**

# गर्मियों में ट्रैकिंग के दौरान इन बातों का जरूर रखें ध्यान, सुकून से पूरा होगा सफर

गर्मियों के मौसम में लोग पहाड़ों में घूमने जाते हैं, लेकिन उसके लिए क्या-क्या तैयारी करनी चाहिए इसके बारे में अनजान रहते हैं।

पहाड़ों का मौसम गर्मियों में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगह होती है, लेकिन मैदानी इलाके में रहने वाले लोग जब पहाड़ों में जाते हैं तो वहां के हिसाब से तैयार नहीं होते हैं। पहाड़ों में अगर आपको हाईकिंग या ट्रैकिंग करनी है तो आपको कुछ तैयारी करके जाना चाहिए। पहाड़ों में दूर-दूर तक पानी और खाने-पीने की चीजें नहीं मिलती हैं। लेकिन आप अपने साथ बहुत वजन वाले सामान भी नहीं ले जाना चाहते हैं। इसलिए हम आपको 4 ऐसे आसान उपाय बता रहें हैं, जो आपकी ट्रैकिंग को बहुत आसान बना देते हैं।

**सूखे चावल :** अगर आप ट्रैकिंग करने जा रहे हैं तो थोड़े से सूखे चावल भी साथ में ले जा सकते हैं। कच्चे चावल आपको प्यास से बचाते हैं। ट्रैकिंग के दौरान थोड़ा सा कच्चा चावल मुंह में ले लें और उसे हल्के-हल्के चबाते रहें।

सूखे चावल चबाने से आपको एनर्जी तो मिलती ही है, साथ में प्यास भी बहुत कम लगती है। सूखे चावल चबाने से आपको जल्दी-जल्दी भूख भी नहीं लगती है।



**नींबू :** पहाड़ों में ट्रैकिंग करने जा रहे हैं तो अपने साथ नींबू जरूर रखें। पैदल चलते हुए आपको थकान का अनुभव होने लगे या एनर्जी लेवन कम होने लगे, तो नींबू का थोड़ा सा रस आपको तरोताजा कर देता है।

नींबू में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है जो शरीर को तुरंत एनर्जी देने का काम करता है। पहाड़ों में जाते समय आप बहुत वजन वाला सामान नहीं ले जाना चाहते हैं उस हिसाब से भी नींबू का वजन बहुत कम और एनर्जी देने के लिए पर्याप्त होता है। जब भी थकान लगे नींबू का थोड़ा सा रस पी लें और अपनी ट्रैकिंग जारी रखें।

**नारियल पानी:** पहाड़ों में सबसे बड़ी समस्या आती है पानी की और पानी न मिलने पर इंसान परेशान हो जाता है। इस समस्या से बचने के लिए एक बोतल ऐसा रखें, जिसमें आप एक लीटर तक नारियल पानी रख सकते हों।

नारियल पानी को आप 2 घंटे के अंतराल पर अगर पीते हैं, तो आपको एनर्जी के साथ-साथ बार-बार प्यास लगने की समस्या से भी छुटकारा मिल जाता है।

**गुड़ और मूंगफली :** पहाड़ों में ट्रैकिंग या हाईकिंग करना आसान नहीं होता है, खासकर उन लोगों के लिए जो मैदानी इलाके के होते हैं। अगर ठंड वाले पहाड़ों में ट्रैकिंग करना हो तो थकान के साथ-साथ भूख भी लगती है। खाने के लिए बहुत ज्यादा सामान आप साथ में रखन नहीं सकते हैं इसलिए आपने साथ गुड़ और मूंगफली जरूर रखें।

आप गुड़ मुगफली अलग-अलग नहीं रखना चाहते हैं, तो मूंगफली पट्टी साथ में ले जा सकते हैं।



फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### कान्स समारोह में मंच पर भावुक हुए नीरो, टैरेंटिनो ने किया माइक ड्रॉप

कान फिल्म फेस्टिवल 2025 की शुरूआत हो चुकी है। समारोह में रेड कार्पेट लुक से लेकर वर्ल्ड प्रीमियर और स्क्रीनिंग तक सिनेमा प्रेमियों के लिए बहुत कुछ है।



उद्घाटन समारोह में हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो को पाम डी'ओर से सम्मानित किया गया। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने उन्हें पुरस्कार दिया। इस दौरान रॉबर्ट डी नीरो भावुक हो गए। उन्होंने लियोनार्डो डिकैप्रियो को मंच पर गले लगाया। अवॉर्ड मिलने पर समारोह में मौजूद सभी लोगों ने रॉबर्ट डी नीरो के सम्मान में खड़े होकर तालियां बजाईं।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत अमेरिकन एक्टर-डायरेक्टर क्वेंटिन टैरेंटिनो माइक ड्रॉप करते हुए किया। उन्होंने ऐसा करके सभी को चौंका दिया। एक्टर ने घोषणा करते हुए कहा कि कान आधिकारिक रूप से शुरू हो चुका है।

अमेरिकी मॉडल बेला हदीद ने फेसटिवल में एक खूबसूरत ड्रेस में पहुंचीं। उन्होंने रेड कार्पेट पर वॉक करते हुए पोज दिए। इस दौरान उन्होंने सेंट लॉरेंट बाय एंथनी वैकारेलो की एक कस्टम ब्लैक ड्रेस पहनी थी।

समारोह के पहले दिन गायिका माइलिन फार्मर ने अपना नया गाना 'कन्फेशन' गाया। इस गाने को सिंगर ने अपने दोस्त, निर्देशक, अभिनेता और पटकथा लेखक डेविड लिंच को समर्पित किया। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

## टॉलीवुड

### विजय की 'किंगडम' के लिए फैंस को करना होगा इंतजार, अब जुलाई में होंगे दीदार

विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम, जो पहले 30 मई, 2025 को रिलीज होने वाली थी, अब स्थगित हो गई है। निर्माताओं ने नई रिलीज तारीख 4 जुलाई, 2025 घोषित की है। गौतम तिन्नानुरी द्वारा निर्देशित यह एक्शन थ्रिलर ड्रामा फिल्म हाल की घटनाओं के कारण टाल दी गई है। निर्माताओं ने कहा, ₹हाल की अप्रत्याशित घटनाओं और देश के माहौल के कारण प्रचार करना मुश्किल हो गया। हम चाहते हैं कि किंगडम को बेहतरीन तरीके से पेश किया जाए। हम आपके समर्थन की सराहना करते हैं और 4 जुलाई को सिनेमाघरों में आपसे मिलने की उम्मीद करते हैं।₹



फिल्म में विजय देरकोंडा के साथ मुख्य भूमिका में भाग्यश्री बोरसे नजर आएंगी। किंगडम का निर्माण सिथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज ने किया है। इस फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। कथित तौर पर फिल्म की शूटिंग, जून 2023 में शुरू हुई थी। इसकी शूटिंग हैदराबाद, विशाखापत्तनम, केरल और श्रीलंका में हुई हैं।

## भोजपुरी

### 'ससुराल गेंदा फूल' का सामने आया फर्स्ट लुक सफेद घोड़े पर दुल्हनिया बनीं ऋचा पर दर्शक लट्टू

भोजपुरी सिनेमा में 'ससुराल गेंदा फूल' नामक एक नई फिल्म आने वाली है। ए स आ र के म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड ने इसे बनाया है। फिल्म में ऋचा दीक्षित मुख्य भूमिका में हैं। वह घोड़ी पर चढ़कर ससुराल जाती हैं। फिल्म का निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने किया है। रितेश उपाध्याय और समर्थ चतुर्वेदी भी फिल्म में दिखेंगे।



भोजपुरी इंडस्ट्री में धमाल मचाने आ रही है एक नई मनोरंजक और पारिवारिक फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल', जिसका फर्स्ट लुक हाल ही में जारी किया गया है। SRK म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बनी इस फिल्म में दर्शकों को एक दमदार महिला प्रधान किरदार में अभिनेत्री ऋचा दीक्षित नजर आएंगी, जो घोड़ी चढ़ कर अपने ससुराल जाती हैं। पोस्टर में ऋचा की सजी-धजी दुल्हन के लुक ने फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है।

ऋचा दीक्षित ने फिल्म 'ससुराल गेंदा फूल' को लेकर अपनी खुशी और उत्साह साझा करते हुए कहा, 'यह फिल्म मेरे करियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है। इसमें मेरा किरदार पारंपरिक सोच को तोड़ता है और एक नई मिसाल पेश करता है। जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, तभी तय कर लिया था कि इस किरदार को जरूर निभाना है। एक दुल्हन का घोड़ी चढ़ कर ससुराल जाना समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है – कि अब लड़कियां भी आत्मनिर्भर, मजबूत और फैसले लेने वाली बन चुकी हैं।'

ऋचा ने आगे कहा, 'फिल्म पूरी तरह पारिवारिक, मनोरंजक और सामाजिक संदेश से भरपूर है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे उतना ही प्यार देंगे जितना हमने इसे बनाने में मेहनत की है। शूटिंग के दौरान पूरी टीम का साथ और माहौल बेहद अच्छा रहा। खास तौर पर निर्देशक संजय श्रीवास्तव जी और को-एक्टर्स ने हर सीन को जीवंत बनाने में अहम भूमिका निभाई।' एसआरके म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के तले बनी इस फिल्म में भोजपुरी सिनेमा के उभरते सितारे ऋतेश उपाध्याय और अनुभवी कलाकार समर्थ चतुर्वेदी, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवाल, सोनिया मिश्रा, पूजा ठाकुर, शिल्पी राघवानी जैसे नामचीन चेहरे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म को संजय श्रीवास्तव ने डायरेक्ट किया है, जबकि रोशन सिंह इसके निर्माता और शर्मिला आर. सिंह सह-निर्माता हैं।

फैशन डिप्लोमैसी

लाइफ स्टाइल



नीदरलैंड की राजधानी हेग में इंडोनेशियाई वर्षगांठ राजनयिक स्वागत समारोह के दौरान मॉडल सुंबा बुनाई और टुटी चोलिड ने अपनी परंपरागत वेशभूषा बाटिक और जम्पुटन प्रदर्शित की। डिजाइनर डेनी विरावन और टुटी चोलिड का यह कलेक्शन ₹पर्सेबाहन अनक नेगेरी₹ नाम के इस फैशन शो में बेहद सराहा गया। यहां देश-विदेश के मेहमान मौजूद थे।

## कानों में पहनने के बाद अच्छे लगेंगे ये सोने के झुमके

गहने पहनना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम अक्सर अलग-अलग तरह की ज्वेलरी खरीदकर स्टाइल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमारा लुक अच्छा नजर आता है। गोल्ड के झुमके भी पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। आप इस तरह के झुमके को कानों में पहनकर लुक को अट्रैक्टिव बना सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के झुमके को पहनकर आप खूबसूरत नजर आ सकती हैं।



### गोल्ड के झुमके डिजाइन

आप लुक को क्रिएटिव बनाने के लिए गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ पान की पत्ती का डिजाइन मिलेगा। इसके साथ स्टोन मिलेगा। झुमकी में छोटी-छोटी लटकन का डिजाइन मिलेगा। इससे झुमके पहनने के बाद अच्छे लगेंगे। इससे आपका लुक और भी ज्यादा सुंदर लगेगा।

### मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके

आप कुछ अलग डिजाइन को ट्राई करना चाहती हैं, तो ऐसे में आप मोर डिजाइन वाले गोल्ड के झुमके को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के झुमके पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको ऊपर की तरफ जो डिजाइन मिलेगा वो आपको मोर का मिलेगा। नीचे की तरफ आपको लटकन भी मोती के डिजाइन की मिलेगी। इससे झुमके आप किसी भी एथनिक आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

### लेयर डिजाइन वाले झुमकी डिजाइन

आप अगर साड़ी के साथ गोल्ड के झुमके डिजाइन को सर्च कर रही हैं, तो ऐसे में आप लेयर डिजाइन वाली झुमकी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इसमें आपको उभरा हुआ डिजाइन मिलेगा। इसके साथ आप थोड़े से घुंघरु डिजाइन को भी लगा सकती हैं। इससे आपकी झुमकी हैवी नजर आएगी। साथ ही, इसका गोल्ड कलर और अच्छा लगेगा।

### लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी

कानों में पहनने के लिए आप लॉन्ग डिजाइन वाली गोल्डन झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की झुमकी में आपको ऊपर की तरफ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इसके बाद नीचे की तरफ लटकन और झुमकी मिलेगी। इसे आप सिंपल डिजाइन में खरीदें। इससे आपका इयररिंग्स डिजाइन अच्छा नजर आएगा। इस बार कानों में पहनने के लिए इन इयररिंग्स को ट्राई करें। इससे आपका लुक चेंज हो जाएगा। साथ ही, आपके झुमके में अलग तरह के डिजाइन भी मिल जाएंगे। जिसे आप किसी खास दिन के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

## न्यू को-ऑर्ड सेट्स आउटिंग के लिए हैं बेस्ट, नजरें टिकी रहेंगी आप पर

फैशन





आउटिंग के दौरान अगर आप स्टाइलिश लुक चाहती हैं तो, आप इस तरह के न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, आप भीड़ से अलग नजर आएंगी।

दोस्तों या फैमिली के साथ घूमने के दौरान महिलाएं ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं और इसके लिए इस तरह के आउटफिट स्टाइल करती हैं। जिसमें वो खूबसूरत नजर आए साथ ही, वो कंफर्टेबल भी रहे। ऑनलाइन प्लेटफार्म साथ ही, बाजार में आपको कई तरह के आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप आउटिंग के दौरान स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो, आप ये न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही, स्टाइलिश भी नजर आएंगी।

### न्यू डिजाइंस वाले को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के दौरन स्टाइलिश और बेस्ट नजर आने के लिए हम आपको 3 तरह के को-ऑर्ड सेट दिखा रहे हैं। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आप आउटिंग के दौरान भीड़ से अलग नजर आने के लिए स्टाइल कर सकती हैं।

### प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट

आउटिंग के सबसे अलग और ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह के को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं। यह को-ऑर्ड सेट लाइट कलर में है साथ ही, इसमें बेहद ही खूबसूरत प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। इस तरह के को-ऑर्ड सेट में आपका लुक स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आएगा और यह आपको 700 से 800 रुपये में आसानी से मिल जाएगा।इस प्रिंटेड को-ऑर्ड सेट के साथ हील्स साथ ही, सिंपल इयरिंग्स स्टाइल कर सकती है।

### फ्लोरल को-ऑर्ड सेट

अगर आप बीच या कहीं ऐसी लोकेशन पर घूमने जा रही हैं जहां का मौसम सामान्य है तो, आप इस तरह के फ्लोरल को-ऑर्ड सेट का चुनाव कर सकती हैं।

## वेडिंग सीजन में साड़ी-लहंगे सबके संग जचेंगे बन हेयर स्टाइल

कहा जाता है ऑउटफिट के बाद हेयर स्टाइल का स्टाइलिश होना बेहद जरूरी होता है। तभी जाकर हमारा लुक कंप्लीट होता है। हेयर स्टाइल स्मार्ट होने से हमारा लुक अलग ही निखर कर आता है। अधिकतर लोग ऑउटफिट का तो चयन आसानी से कर लेते हैं, लेकिन हेयर स्टाइल को लेकर काफी कन्फ्यूज रहते हैं। यदि आपके साथ भी इसी तरह की दिक्कत होती है, तो आपको कुछ सिंपल और क्लासी हेयर स्टाइल के बारे में सोचना चाहिए।



### डोनट फ्लावर बन हेयर स्टाइल

इस तरह की हेयर स्टाइल अक्सर अपने ब्राइड के लुक में जरूर देखी होगी। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आसानी से इसे बनवा या बना सकती हैं। अन्यथा आपको इसका थोड़ा लाइट नजर आएगा। इसको बाल मोड़कर राउंड शेप देकर पिन से टक किया जाता है। इसके बाद आप बन के अगल-बगल फ्लावर या गजरा लगा सकती हैं। यह हेयर स्टाइल साड़ी और लहंगे दोनों एक संग जंचती है।

### ट्विस्टेड लो बन हेयर स्टाइल

यह हेयर स्टाइल काफी स्मार्ट लुक देती हैं। हालांकि इसको बनाना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन बनने के बाद यह काफी सुंदर दिखती है। इस हेयर स्टाइल के फ्रंट में आप ब्रेड बनाकर ट्विस्ट भी कर सकती हैं। साथ में फ्रंट फ्लिक्स लुक भी दे सकती हैं। इस हेयर स्टाइल के बनने के बाद आप बीच में बीड्स भी लगा सकती हैं। इस तरह की हेयर स्टाइल साड़ी पर काफी ब्यूटीफुल लुक देती हैं।

## छोटे कद की हैं तो वॉर्डरोब में शामिल करें इस तरह की हील्स, हाइट के साथ एलिगेंट लुक भी मिलेगा

हमारी वॉर्डरोब में कितने तरह-तरह के शूज और सैंडल्स होती हैं, जिन्हें हम लंबा दिखने के लिए पहनती हैं। लेकिन हर हील्स आपको कम्फर्ट, स्टाइल और एलिगेंस नहीं देती। सही तरह की हील्स चुनना भी बेहद जरूरी है, ताकि न सिर्फ हाइट लंबी लगे, बल्कि लुक भी ग्रेसफुल और ट्रेंडी दिखे। इस लेख में, मैं उन हील्स के बारे में बताने जा रही हूं, जो छोटे कद वाली महिलाओं के वॉर्डरोब में जरूर होनी चाहिए।



### किटन हील्स

अगर आप बहुत ऊंची हील्स पहनने में सहज नहीं हैं, तो किटन हील्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। इनकी हील्स छोटी होती हैं। मगर यह काफी स्टाइलिश होती हैं और इससे हाइट में डिसेंट लेवल तक लंबी लगती है। किटन हील्स को लंबे समय तक पहनने पर भी थकावट महसूस नहीं होती। यह ऑफिस वियर, पार्टी लुक और ट्रेडिशनल आउटफिट्स के साथ बहुत अच्छी लगती हैं। एक न्यूड या ब्लैक कलर की किटन हील्स हर आउटफिट के साथ मैच हो सकती है।

### प्लैटफॉर्म हील्स

कुछ महिलाएं वेज हील्स और प्लेटफॉर्म हील्स में कन्फ्यूज होती हैं। इनका निचला हिस्सा एक समान होता है। प्लैटफॉर्म हील्स एक बार फिर फैशन में ट्रेंड कर रही हैं। ये हील्स न केवल हाइट में इजाफा करती हैं, बल्कि स्टाइल में भी एलीगेंस और क्वर्कीनेस दोनों लेकर आती हैं।

कार्नर न्यूज

इन गलतियों का भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

## स्किन केयर से जुड़ी गलतियां हर दिन करते हैं पुरुष, कहीं आप भी इनमें से एक तो नहीं

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो ये आर्टिकल आपके लिए ही लिखा गया है। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहे हैं और ये भी आप उन्हें कैसे ठीक कर सकते हैं।

### हर चीज के लिए एक साबुन


चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें। आपके शेव रूटीन से स्किन में जलन हो सकती है



फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं।

इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है। अगर आप इसका प्रयोग करेंगे तो आपको तुरंत फर्क नजर आने लगेगा। हाई क्वालिटी शेव क्रीम का उपयोग करने का मतलब है कम रेडनेस और कम से कम त्वचा में जलन और खुजली।

शेविंग के बाद हमेशा एक नैचुरल आफ़्टरशेव का इस्तेमाल जरूर करें। इसमें अल्कोहल नहीं होना चाहिए। इसलिए सबसे बेस्ट का ही चुनाव करें।



### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

### एसपीएफ का उपयोग न करना

स्किन को ड्राई बनाने के बहुत से कारण हो हैं, लेकिन सूर्य की किरणें इसका सबसे बड़ा कारण है। हमेशा सन प्रोटेक्शन का इस्तेमाल करें। इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। अपने मॉइस्चराइजर के इस्तेमाल के बाद इसका प्रयोग करना न भूलें। एसपीएफ 15 या इससे अधिक रेटिंग वाला सनस्क्रीन चुनें।